53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 16.0°c | अधिकतम 35.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:04, सूर्यास्त - 6:39 | वर्ष : 53/ अंक : 93 | शनिवार, 05 अप्रैल 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

सफलता की वह ऊंचाई किसी अभिशाप से कम नहीं, जो इंसानियत और दयाभाव खोकर प्राप्त की गई हो।

यह विधेयक भ्रष्टाचार पर पूर्णविराम लगाएगा और जरूरतमंदों को न्याय दिलाएगा : केशव प्रसाद मौर्य



इसीलिए जरूरतमंद तो खुश हैं लेकिन........

# काली पट्टी बांधने वाले 24 नमाजी किए 2-2 लाख रुपये के मुचलका पाबंद

## शुक्रवार को सैकड़ों लोगों ने अलविदा जुमे की नमाज के दौरान वक्फ संशोधन बिल के विरोध में बांधी थी काली पट्टी

**मुजफ्फरनगर, 4 अप्रैल (बु.)।** मुस्लिम समाज के लोगों को वक्फ संशोधन बिल का विरोध करना भारी पड़ गया, जिसके चलते नगर के 24 लोगों को प्रशासन द्वारा नोटिस भेजकर 2-2 लाख रुपये का मुचलका पाबंद किया गया है। आपको बता दें कि 1 अप्रैल को संसद में वक्फ संशोधन बिल पेश किया गया था, उससे नोटिस भी आ सकता है। मगर आज शुक्रवार को एकाएक पुलिस ने फोटो व वीडियो के आधार पर ऐसे लोगों को चिह्नित कर जिन्होंने नमाज के समय काली पट्टी हाथों में बांध रखी थी, दो-दो लाख रुपये का मुचलका पाबंद कर उन्हें नोटिस भेज दिया है। फिलहाल इन सब लोगों की संख्या 24 से अधिक बताई गयी है।



पहले ही अलविदा जुमे की नमाज 29 मार्च को बिल का विरोध करने के लिए सुनियोजित तरीके से हाथों में काली पट्टी बांधी गयी थी, तब शायद इन लोगों को यह अंदाजा नहीं होगा कि वक्फ संशोधन बिल का विरोध करने का उन्हें कोई

अकेले सिविल लाइन थाने में सरवट निवासी फखरू त्यागी, गुड्डू, अफजाल, निवासी सैफी कॉलोनी, मौलाना नईम, सिबली निवासी सरवट व अन्य लोगों को नोटिस भेजे गए हैं। नोटिस में सभी लोगों को सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट में 16 अप्रैल को उपस्थित होने के आदेश दिये गए हैं। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि अलविदा जुमे की नमाज के दौरान काली पट्टी बांधकर विरोध करने वाले 24 से अधिक लोगों को मुचलका पाबंद कर नोटिस भेजा गया है। यह प्रक्रिया अभी जारी रहेगी, क्योंकि अभी पुलिस वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य कई लोगों को चिह्नित कर नोटिस भेज रही है। जिन्होंने अलविदा जुमे पर काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की थी। नोटिस की सूचना से नोटिस प्राप्त करने वाले लोगों में रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि लोकतंत्र में सबको अपनी बात कहने का अधिकार है और काली पट्टी बांधकर उन्होंने सिर्फ ऐतराज जताया है। न कोई धरना किया और न कोई प्रदर्शन। और वे लोग तो दंगों में प्रशासन का सहयोग करते हैं और किसी प्रकार का दंगा जिले में नहीं होने देते। ऐसे में उन पर 2-2 लाख का मुचलका पाबंद करना वाजिब बात नहीं है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे कानून का पालन तो हर हाल में करेंगे, मगर विरोध का अधिकार रखते हुए ऐसा करने पर शासन-प्रशासन द्वारा ऐसा करना उन्हें कतई गंवारा नहीं है।

## माँ दुर्गा की आठवीं शक्ति

**॥ महागौरी ॥**



श्वेते वृषे समारूढा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा॥

शेष : पृष्ठ-4 पर












# कैथोड़ा में पटेरे व बिटोड़े में लगी भीषण आग, आग से हजारों का नुकसान



**मीरापुर, 04 अप्रैल (बु.)।** क्षेत्र के गांव कैथोड़ा में बस्ती के समीप रखे दो व्यक्तियों के बिटोड़े व पटेरे में आग लग गई। बस्ती के समीप आग लगने से मौके पर हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बामुश्किल आग पर काबू पाया। गांव कैथोड़ा निवासी मोहसीन पुत्र यामीन पटेरे की चटाई बनाने का कार्य करता है। मोहसीन ने गांव में बस्ती के समीप खाली पड़े एक प्लॉट में चटाई बनाने के लिए पटेरा रख रखा था। शुक्रवार की दोपहर में करीब चार बजे अचानक मोहसिन के पटेरे में आग लग गयी। इसके निकट ही गांव के ही रहने वाले बाबू पुत्र अलाउद्दीन के घर की महिलाओं ने बिटोड़ा बना रहे था। पटेरे की आग ने बिटोड़े को भी चपेट में ले लिया तथा कुछ ही देर में बाबू के बिटोड़े ने भी आग पकड़ ली। आग की तेज लपटें उठती देख गांव में हड़कम्प मच गया तथा भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और आसपास से पानी डालकर कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई, किन्तु तब तक मोहसीन का सारा पटेरा व बाबू का बिटोड़ा जल चुका था। पीड़ित मोहसीन व बाबू के अनुसार आग लगने से दोनों का हजारों रुपयों का नुकसान हुआ है।





# श्रीबालाजी धाम में कथा में भक्ति संगीत की ज्ञानगंगा में लगाई डुबकी

**मुजफ्फरनगर, 04 अप्रैल (बु.)।** श्री बालाजी धाम मन्दिर सेवा समिति की ओर से कलयुग में भक्तों के कष्टों को हरने वाले पवन पुत्र, अंजनी नन्दन, भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त बालाजी महाराज का 3 से 14 अप्रैल तक जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में चैत्र शुदी पूर्णिमा शनिवार 12 अप्रैल प्रातः 7 बजे मंदिर में भगवान श्री बालाजी महाराज का स्वर्ण श्रृंगार, दर्शन, 56 भोग एवं महाआरती के बाद बाबा प्रातः 9 बजे स्वर्ण रथ पर विराजमान हो कर अपने भक्तों के साथ झूमते नाचते एवं श्री रामनाम के रस में सराबोर होकर भक्तों का मंगल कल्याण करेंगे। श्रीबालाजी धाम मंदिर समिति की ओर से श्री बालाजी संकीर्तन भवन में आयोजित श्री राम चरित मानस की अमृतमयी ज्ञान वर्षा के बीच शुक्रवार को दूसरे दिन कथा वाचिका प्राची देवी ने अपने मुखारविंद से श्री हनुमान जी का वर्णन करने के साथ शिव-सती के विवाह की कथा का विस्तार से वर्णन किया। इस दौरान भक्ति संगीत की ज्ञान गंगा में डुबकी लगाते हुए तमाम भक्तों ने श्रीराम के साथ श्री हनुमान जी एवं शिव-सती विवाह के प्रसंगों को सुना। इस दौरान मुख्य रूप से कथा स्थल पर चन्द्रकिरण गर्ग गुरूजी, सुरेश चंद बंसल, उद्यमी भीम कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, कुलदीप कुमार, अश्वनी कुमार, विजय बंसल, अमरीश सिंघल, दिनेश गर्ग, नितिन गोयल, चाचा जेपी गोयल, नितिन गोयल, शिवम तायल, अमन गोयल, संजीव गर्ग, रजत गोयल, अमित कुमार, प्रवीण तायल, अंकित तायल, रविन्द्र जैन, प्रवीण गर्ग, विकास अग्रवाल, श्रवण गुप्ता, अंकित गर्ग, उदित गर्ग आदि मौजूद रहे।

# श्री दुर्गा अष्टमी आज, घरों से मंदिरों तक शुरू हुई तैयारी

## - कालरात्रि की पूजा अर्चना के साथ कीर्तनों का हुआ आयोजन - बाजारों में देर सायं तक होती रही खरीदारी

**मुजफ्फरनगर, 04 अप्रैल (बु.)।** नव संवत्सर के साथ चैत्र नवरात्र का सनातन धर्म में खास महत्व है। चैत्र नवरात्र के दौरान देवी मां दुर्गा और उनके नौ रूपों की पूजा किए जाने का प्रावधान है। वहीं, अष्टमी तिथि में मां दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना के बाद कन्या पूजन करते हुए जगत जननी देवी मां दुर्गा की पूजा करने मात्र से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। इसके साथ घर में सुख, समृद्धि व शांति आती है। शनिवार को इस बार श्री दुर्गा अष्टमी पर्व मनाया जा रहा है, जबकि रविवार 06 अप्रैल को रामनवमी है। इस बार द्वितीय व तृतीय तिथि एक दिन पड़ने से साधक अष्टमी तिथि को लेकर कन्फ्यूज रहे, लेकिन अब सब कुछ साफ हो गया है। शुक्रवार को इस क्रम में देशभर में मां कालरात्रि की पूजा अर्चना के साथ मंदिरों से घरों तक हर माता रानी की पूजा के साथ भक्ति संगीत एवं कीर्तन आयोजित किए गए। वैदिक पंचांग के अनुसार इस बार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि की शुरूआत 04 अप्रैल को रात 08 बजकर 12 मिनट पर होगी। वहीं, समापन 5 अप्रैल में शाम 7 बजकर 26 मिनट पर हो रहा है। इसके बीच इस बार शनिवार 05 अप्रैल को चैत्र नवरात्र की दुर्गा अष्टमी मनाई जाएगी। हर साल चैत्र माह शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर रामनवमी मनाई जाती है। इस दिन भगवान श्रीराम की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष नवमी तिथि पर मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। इससे एक दिन पूर्वे देवी मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा की जाती है। ज्योतिषियों की मानें तो चैत्र नवरात्र दुर्गा अष्टमी पर दुर्लभ शिववास योग का संयोग बन रहा है। शिववास योग निशा काल में है। दुर्गा अष्टमी पर सुकर्मा योग के साथ पुनर्वसु नक्षत्र का संयोग है। इन योग में मां दुर्गा की पूजा करने से साधक के सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी। इन्हीं तैयारियों के बीच शहर के विभिन्न मंदिरों में शुक्रवार को मां कालरात्रि की पूजा अर्चना के साथ घरों से मंदिरों तक माता रानी का गुणगान किया गया। इस कड़ी में शुक्रवार को चैत्र नवरात्र के छठे दिन मां दुर्गा की पूजा अर्चना की गई। इस कड़ी में नई मंडी भरतिया कॉलोनी में श्री दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णो देवी मंदिर गांधी कॉलोनी, नदी घाट स्थित माता रानी के मंदिर समेत अन्य मंदिरों और घरों में मां दुर्गा के कालरात्रि की पूजा से बनी चीजों का भोग प्रसाद आदि लगाया गश। उधर, नगर मुख्यालय से गांव-देहात और कस्बों में शुक्रवार को देर सायं तक माता रानी की पूजा के साथ कन्या पूजन को लेकर बाजारों में भीड़ दिखाई दी। इस दौरान महिलाओं ने माता रानी की पूजा के भोग प्रसाद के साथ कन्या पूजन सामग्री के अलावा कन्याओं को भेट देने के लिए फल एवं अन्य उपहार खरीदने का क्रम जारी रहा। इस दौरान बाजारों में देर सायं तक खरीदारी होती रही।

# पीआर पब्लिक स्कूल में हवन पूजन के साथ नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ



**मुजफ्फरनगर, 04 अप्रैल (बु.)।** पचेंडा रोड स्थित पीआर पब्लिक स्कूल में हवन-पूजन और सरस्वती मां के पूजन के साथ में नए सत्र का शुभारंभ किया गया। इस दौरान स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल, निदेशक अनघ सिंघल व समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हवन में आहुति देते हुए प्रबंधक, कमेटी सदस्यों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने अपने विद्यालय के नवीन शैक्षणिक सत्र की सफलता तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य एवं विद्यालय की दिन दोगुनी रात चौगुनी प्रगति की कामना की। विद्यालय प्रांगण वैदिक मंत्रों के उच्चारण से भक्तिमय हो उठा। विद्यालय के पहले दिन नई कक्षा में प्रवेश के साथ छात्र बड़े उत्साहित दिखाई दिए। स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती है बल्कि यह हमारे जीवन के हर पहलू में समाहित होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का असली उद्देश्य व्यक्ति को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वह अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सके। उन्होंने बताया कि शिक्षा हमारे भविष्य का निर्माण करती है। निदेशक अनघ सिंघल ने विद्यार्थियों से कहा कि एक छात्र के रूप में उनका सबसे बड़ा कर्तव्य है कि वे शिक्षा प्राप्त करें और उसे सही तरीके से अपने जीवन में लागू करें। पढ़ाई के साथ अनुशासन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। अगर हम अनुशासन से दूर रहते हैं, तो शिक्षा का कोई मूल्य नहीं रहता। ऐसे में हम आशा करते हैं कि आप अनुशासित रहकर दृढ़ इच्छा के साथ नए शैक्षिक सत्र में शिक्षा प्राप्त करेंगे।

# भाजपा कार्यालय पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



**मुजफ्फरनगर, 04 अप्रैल (बु.)।** भारतीय जनता पार्टी के चल रहे अभियानों के बीच पार्टी निर्देश पर कार्यालय पर शुक्रवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और स्वयं सफाई की। इस दौरान स्वच्छता अभियान के प्रदेश सह संयोजक श्रीमोहन तायल ने कहा कि पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट स्वच्छता अभियान के तहत पार्टी कार्यालय पर अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि पार्टी सभी को साथ लेकर चल रही है और देश व प्रदेश की सरकारें पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के आदर्शों पर चलकर गरीब लोगों को मुफ्त अनाज एवं शौचालय आदि देकर सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से जीवन में आदर्श आता है, बीमारी कम होती है और नई सोच को जन्म मिलता है। इसको लेकर आज स्वच्छता अभियान के तहत भाजपा पार्टी कार्यालय पर अभियान चलाया गया जिसमें मुख्य रूप से स्वच्छ भारत अभियान के मंडल अध्यक्ष पंकज महेश्वरी, नंदकिशोर पाल, अमित शास्त्री, दीपक मित्तल, शरद शर्मा, वरिष्ठ नेता गौरव स्वरूप, श्याम रहेजा, तरुण पाल, पुरोहित उटवाल, सुधीर खटीक, विजय प्रजापति, हरीश गुप्ता, बृजेश दीक्षित, निशंक जैन, पवन अरोड़ा, दिनेश पुंडीर, आदेश गौतम, तरुण त्यागी आदि मौजूद रहे।

# भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का परीक्षाफल वितरित

## - कॉलेज टॉपर छात्राओं को किया प्रबंध समिति ने सम्मानित



**मुजफ्फरनगर, 04 अप्रैल (बु.)।** भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मंडी में "वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष कॉलेज प्रबंध समिति व विद्यालय प्रधानाचार्या सीमा गोयल द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए सरस्वती वंदना के साथें किया गया। मंच संचालन सपना मित्तल ने किया। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। इन परीक्षा परिणाम में हिंदी माध्यम से कक्षा 6 की परी रानी, कक्षा 7 की अनुगा, कक्षा 8 की निधि, कक्षा 9वीं की आकांक्षा तथा 11वीं विज्ञान वर्ग में दीप्ति बंसल, वाणिज्य वर्ग में यशस्वी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 6 से यजूनिश त्यागी, कक्षा 7 से आराध्या बंसल व कक्षा 8 से राधिका, कक्षा 9वीं में खनक टॉपर रही। विद्यालय प्रधानाचार्या सीमा गोयल ने बताया कि जूनियर वर्ग में सर्वाधिक अंक राधिका ने 98.60 प्रतिशत तथा सीनियर वर्ग में आकांक्षा ने 93.3 प्रतिशत प्राप्त किए। इस दौरान समिति अध्यक्ष सुभाष चंद्र गुप्ता, प्रबंधिका सुधा मजूमदार, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार बंसल, सह प्रबंधक अरविंद मित्तल, सदस्य जयप्रकाश गर्ग एवं लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के अध्यक्ष ललित माहेश्वरी के साथ नगर के गणमान्य, अभिभावक एवं समस्त आचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधिका ने सभी का आभार व्यक्त किया।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री (जन्मतिथि-07/03/2014) का नाम निष्ठा गर्ग (NISHTA GARG) से बदलकर सुकीर्ति गर्ग (SUKIRTI GARG ) कर लिया है। भविष्य में उसे सुकीर्ति गर्ग (SUKIRTI GARG ) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**गौरव गर्ग**
**पुत्र श्री अजय कुमार**
हाउस नं0-60 बी, पीठ बाजार, नई मण्डी
तहसील सदर, जिला- मुजफ्फरनगर


# वक्फ बिल पास होने पर पुलिस जुमा नमाज को लेकर रही अलर्ट



**बुढ़ाना, 04 अप्रैल (बु.)।** वक्फ विधेयक संशोधन बिल दोनों सदनों में पास होने के बाद पहले जुमा की नमाज को लेकर आज शुक्रवार के दिन पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। एडीएम फाइनेंस गजेंद्र सिंह और एसपी देहात आदित्य बंसल कस्बे की जामा मस्जिद पर लाव-लश्कर के साथ पहुंचे और मुस्लिम धर्मगुरुओं से संवाद किया। भारी पुलिस बल ने एडीएम के नेतृत्व में वक्फ संशोधन विधेयक के लोकसभा और राज्यसभा में पारित होने के बाद सतर्क रहते हुए पैदल गश्त भी किया। अधिकारियों ने सभी को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीएम ने बताया कि पुलिस और प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करना है। इसलिए भीड़-भाड़ वाले इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर विभिन्न स्थानों पर चल रही प्रतिक्रियाओं के मद्देनजर पुलिस ने यह कदम उठाया है। इस दौरान एसडीएम बुढ़ाना राजकुमार भारती, बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह, बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र, क्राइम इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह, एसएसआई ललित कुमार शर्मा, कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार, परासौली चौकी इंचार्ज ललित कुमार कसाना समेत अन्य पुलिसबल मौजूद था।

# दो हफ्ते से थाने के चक्कर काट रहा है पीड़ित

## - आरोपियों ने 18 लाख रुपये की रकम डकारी

**बुढ़ाना, 04 अप्रैल (बु.)।** जमीन के बैनामे के नाम पर कुछ लोगों ने एक युवक की 18 लाख रुपए की रकम हड़प ली है। जहां एक ओर पीड़ित युवक आरोपियों से अपनी रकम दिए जाने की मांग कर रहा है, वहीं दूसरी ओर पीड़ित चौकी और कोतवाली के दर्जनों चक्कर काट चुका है। अब खबर है कि उक्त पीड़ित शनिवार के दिन पुलिस के उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाएगा। मिली जानकारी के अनुसार रूपण उर्फ रूप कुमार पुत्र स्वर्गीय महावीर सिंह निवासी मौहल्ला पछाला पूर्वी कस्बा बुढ़ाना ने बुढ़ाना पुलिस को दो हफ्ते पहले एक तहरीर देते हुए बताया था कि बीती 20 मार्च की दोपहर लगभग ढ़ाई बजे नीरज उर्फ सोनू और उसका भाई धीरज उर्फ भोला पुत्रगण रामनिवास तथा रामनिवास पुत्र कलीराम निवासी मौहल्ला पछाला पूर्वी कस्बा बुढ़ाना उसके घर पर आये थे और उसको गाली-गलौच करते हुए उसके 17 लाख 93 हजार रुपए, जो उसकी जमीन के बैनामे के बकाया उक्त लोगों पर हैं को देने से मना करने लगे। उसने अपनी काश्त की भूमि का बैनामा इनकी पत्नी राखी और साक्षी के हक में कर रखा है, जिसको उक्त सभी लोग धोखाधड़ी से हड़पना चाहते हैं। इस सम्बन्ध में मौजिज व्यक्तियों की पंचायत कई बार हो चुकी है, जिसमें ये लोग उक्त रूपयों को देना स्वीकार कर चुके हैं, लेकिन अब रुपए मांगने पर उक्त लोग उसकी रकम नहीं दे रहे हैं बल्कि उसको उल्टा फंसाने की धमकी दे रहे हैं, वो अपनी शिकायत लेकर बुढ़ाना कोतवाली और कस्बा चौकी पर दर्जनों बार जा चुका है, लेकिन पुलिस उसकी कोई भी मदद नहीं कर रही है। बुढ़ाना पुलिस उसको रोज कोई ना कोई बहाना लेकर बहकाती हुई आ रही है। अब वो इस संबंध में शनिवार के दिन पुलिस के उच्च अधिकारियों से पुलिस की शिकायत करके अपने 18 लाख रुपये दिलाए जाने की गुहार लगाएगा।


### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अजय, उम्र करीब 27 वर्ष, गलत संगत में पड़ गया है और मेरे कहने-सुनने से बाहर है इसलिए मैंने अपने पुत्र अजय को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि मेरा पुत्र अजय किसी से कोई लेन-देन या गलत कार्य करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। भविष्य में मेरा अजय से अब कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नहीं रहा है।

**सुरेश पुत्र श्री धर्म सिंह**
ग्राम - अलमासपुर, मुजफ्फरनगर



### नाम परिवर्तन सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 12283, दिनांक 16/10/2023 में गलती से नाम प्रनिका शर्मा कराया गया था, जबकि वास्तविक नाम दिशिता शर्मा है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु आवेदन-पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**हिमांशु शर्मा**
गली नं.1, शिवनगर, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर


### मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 04 अप्रैल, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया 1290-1300, चाकू 1400-1605, लड्डू 1540-1570, खुरपापाड़-1400, शक्कर मसाला 1600-1621, आमद- 5000 मन।

### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 04 अप्रैल, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 93000 | चांदी- | 96100 |
| सिक्का- | 10800 | गिन्नी- | 69345 |




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :

muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com




# गन्ना आपूर्ति को लेकर मोरना मिल पर किसानों का हंगामा

**मोरना, 04 अप्रैल (बु.)।** दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल क्षेत्र के 29 गांव का गन्ना खतौली व खाईखेड़ी शुगर मिल को शिफ्ट करने को लेकर किसानों ने शुक्रवार को भी हंगामा करते हुए धरना प्रदर्शन किया। डीसीओ व मिल के प्रधान प्रबंधक ने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर पुरानी व्यवस्था लागू रहने का आश्वासन दिया। दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल क्षेत्र के 29 गांव का गन्ना खतौली व खाईखेड़ी मिल को सप्लाई करने के आदेश लखनऊ से हुए है, जिसके बाद क्षेत्र के किसानों में रोष फैल गया तथा गुरुवार को शाम को भाकियू के बैनर तले क्षेत्र के अनेक किसान मिल में पहुंच गए तथा नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन करते हुए मिल बंद करा दिया था, जिसके बाद किसान घरों को लौट गए। शुक्रवार दोपहर भाकियू के जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र उर्फ बिट्टू, ब्लाक अध्यक्ष अनुज राठी, प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र प्रधान, राजीव चेयरमैन, अजय भूरा, संसार सिंह, नितिन राठी, सुभाष चंद आदि किसान पहुंच गए और नारेबाजी करते हुए धरना देकर बैठ गए। सूचना पर डीसीओ संजय सिसौदिया, प्रधान प्रबंधक अजय कुमार राय पहुंचे और घंटो की गहमा-गहमी के बाद अधिकारियों बातचीत कर पुरानी व्यवस्था लागू रहने का आश्वासन दिया। इस दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजय सिंह, गन्ना अधिकारी राजेश कुमार, प्रशासनिक अधिकारी ऋषिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# खाप चौधरियों ने मृत्युभोज का किया विरोध

**बुढ़ाना, 04 अप्रैल (बु.)।** कस्बे की तहसील कॉलोनी में आयोजित सर्व खाप महामंत्री स्व. कबूल सिंह की पुण्य तिथि पर खाप चौधरियों का जमावड़ा लगा रहा। स्व. कबूल सिंह के चित्र पर सभी ने पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। इस दौरान खाप चौधरियों ने समाज में पनप रही कुरीतियों पर अंकुश लगाने के साथ ही मृत्यु भोज का पुरजोर विरोध किया और इसे खत्म करने पर जोर दिया। घणघस खाप के चौधरी सुखपाल सिंह ने कहा कि मृत्यु भोज के चलन को पूरी तरह से बंद कर देना चाहिए, जिस परिवार में किसी की मौत हो जाती है, तो वह पहले से ही परेशान हो जाता है। मृत्यु भोज से उस पर अतिरिक्त भार पड़ता है। मृत्यु भोज दिखावा और प्रदर्शन का प्रतीक बन गया है, जबकि शोक के समय लोगों को सांत्वना और सहयोग की आवश्यकता होती है। इस मौके पर सर्वखाप मंत्री सुभाष बालियान, देशवाल खाप चौधरी शरणवीर सिंह, बेनीवाल खाप चौधरी अमित, खाटयान खाप चौधरी अजय, लाटयान खाप चौधरी वीरेंद्र, पंवार खाप चौधरी धर्मेंद्र सिंह, बुड़ियान खाप चौधरी सचिन, दांगड खाप चौधरी ओमपाल सिंह, श्योरान खाप चौधरी परवेंद्र आर्य, अहलावत खाप चौधरी गजेंद्र सिंह और रामकुमार तोमर बामनौली थांबा आदि जिम्मेदार लोगों की उपस्थिति देखने को मिली।

# डिजिटल मार्केटिंग एवं सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन पर सेमिनार का आयोजन हुआ





**मुजफ्फरनगर, 04 अप्रैल (बुस.)।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आज आईक्यूएसी के इन्फोटेन्मेन्ट कलब के तहत एक दिवसीय डिजिटल मार्केटिंग एवं सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व प्रमुख वक्ता के रूप में ऑनलाइन आइडियाज डिजिटल मार्केटिंग कंपनी के सीईओ वैभव मिश्रा और प्रबंध निदेशक शुभम शुक्ला ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल, बीसीए एवं बी.एससी (कम्प्यूटर साइंस) विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल एवं बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य डॉ. संदीप मित्तल द्वारा उद्घाटन भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने डिजिटल मार्केटिंग के महत्व और उसके भविष्य में बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान युग डिजिटल क्रांति का युग है, जहां हर क्षेत्र में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने छात्रों को डिजिटल तकनीकों को सीखने और उनके उपयोग से करियर संवारने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल मार्केटिंग आज के युग की आवश्यकता बन चुकी है और इसके माध्यम से न केवल व्यवसायों को बढ़ावा दिया जा सकता है बल्कि व्यक्तिगत करियर को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने डिजिटल मार्केटिंग की वर्तमान और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार डिजिटल मार्केटिंग ने व्यापार की परिभाषा को बदला है और यह छोटे व्यवसायों से लेकर बड़े ब्रांड्स तक के लिए एक आवश्यक रणनीति बन चुकी है। मुख्य वक्ता शुभम शुक्ला ने डिजिटल मार्केटिंग की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कैसे सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन किसी भी वेबसाइट की रैंकिंग को सुधारकर उसे गूगल एवं अन्य सर्च इंजनों में टॉप पर ला सकता है। वैभव मिश्रा ने कार्यप्रणाली समझाते हुए ऑन-पेज और ऑफ-पेज ऑप्टिमाइजेशन, कीवर्ड रिसर्च, बैकलिंक्स, तथा गूगल एल्गोरिदम के नवीनतम अपडेट पर भी जानकारी दी। इसके बाद, कार्यक्रम समन्वयक वैभव वत्स ने डिजिटल मार्केटिंग के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह केवल व्यवसायों के लिए ही नहीं, बल्कि स्टार्टअप्स और व्यक्तिगत ब्रांडिंग के लिए भी बेहद उपयोगी है। उन्होंने कहा कि सही डिजिटल रणनीति अपनाकर कोई भी व्यक्ति अपनी सेवाओं या उत्पादों को बड़े पैमाने पर प्रमोट कर सकता है। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों एवं छात्रों ने भी डिजिटल मार्केटिंग से संबंधित अपनी जिज्ञासाएं व्यक्त कीं, जिनका उत्तर विशेषज्ञों ने विस्तारपूर्वक दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता चन्दना दीक्षित द्वारा किया गया। सेमिनार के अंत में कार्यक्रम समन्वयक वैभव वत्स ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बीसीए और बी.एससी (कम्प्यूटर साइंस) विभाग के सभी शिक्षकगण रोबिन गर्ग, अनुज गोयल, मोहित गोयल, हर्षिता, हिमांशु शर्मा, हर्षित, देवेश भारद्वाज, श्वेता, राहुल शर्मा, रोबिन मलिक, निरंकार, दीपक गर्ग, डॉ. संगीता गुप्ता, निरंकार शर्मा, प्रशान्त गुप्ता, विनिता चौधरी, अमित व सतीश आदि उपस्थित रहे।

# अपने अभिनय की छाप लाखों दिलों पर छोड़ने वाले 'भारत' हुए विदा

## भारत का रहने वाला हूँ भारत की बात सुनाता हूँ

सिनेमा के सुनहरे दौर के सफल नायक मनोज कुमार ने संसार के मंच से विदाई ले ली। कल शुक्रवार तड़के लगभग 3:30 बजे उन्होंने अन्तिम साँस ली। उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण कुछ हफ्तों पहले उन्हें मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें 'भारत कुमार' के नाम से जाना जाता था। उनका मूल नाम हरिकृष्ण गिरी गोस्वामी था।

मनोज कुमार के दिल में,सोच में, देश ही रहा उन्होंने देश भक्ति पर आधारित फिल्मों के साथ-साथ समाजिक विसंगतियों को भी पर्दे पर उतारा 'सन्यासी''रोटी कपड़ा और मकान','उपकार','पूरब और पश्चिम' ऐसी ही उनकी यादगार फिल्में हैं। गीतकार इंदीवर ने उनकी फिल्मों के लिए बेहतरीन गीत लिखे, फिल्म पूरब और पश्चिम में लिखे गीत,कोई जब तुम्हारा ह्रदय तोड़ दे तड़पता हुआ, जब कोई छोड़ दे तब तुम मेरे पास आना प्रिये, भारत का रहने वाला हूँ, भारत की बात सुनाता हूँ, बहुत अच्छे गीत हैं, ऐसा ही फिल्म क्रांति के लिए संतोष आनंद का लिखा गीत है, जिन्दगी की न टूटे लड़ी प्यार करले घड़ी दो घड़ी। मनोज कुमार का फिल्मों में पदार्पण 1957 में आई फिल्म 'फैशन' से हुआ।

पाखण्ड और सन्यास विषय पर आधारित उनकी 'सन्यासी' फिल्म भी महत्वपूर्ण है। मनोज कुमार का जन्म 24 जुलाई 1937 को एबटाबाद में हुआ जो बंटवारे के बाद पाकिस्तान का हिस्सा बना। मनोज कुमार के माता पिता दिल्ली आ गये। मनोज कुमार के दिल में बंटवारे का बहुत दर्द था। मनोज कुमार, दिलीप कुमार और अशोक कुमार की फिल्मों से प्रभावित होकर फिल्मों में आने को उत्सुक हुए। मनोज कुमार को 7 फिल्म फेयर पुरस्कार मिले थे। पहला फिल्म फेयर 1968 में फिल्म उपकार के लिए मिला था। उपकार ने बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्टोरी और बेस्ट डायलॉग के लिए चार फिल्म फेयर जीते। 1992 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 2016 में उन्हें दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से नवाजा गया। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने मनोज कुमार को श्रद्धांजलि दी है। फिल्म उपकार में प्रेम चोपड़ा ने मनोज के छोटे भाई का किरदार निबाहा था। पहले-पहले उन्हें लाइट और फिल्म शूटिंग में लगने वाले दूसरे सामानों को इधर से उधर करने का काम मिला। धीरे-धीरे मनोज के काम से खुश होकर उन्हें फिल्मों में सहायक के रूप में काम दिया जाने लगा। फिल्मों के सेट पर बड़े-बड़े कलाकार अपना शॉट शुरू होने से बस चंद मिनट पहले पहुंचते थे। ऐसे में सेट में हीरो पर पड़ने वाली लाइट चेक करने के लिए मनोज कुमार को हीरो की जगह खड़ा कर दिया जाता था। एक दिन जब लाइट टेस्टिंग के लिए मनोज कुमार हीरो की जगह खड़े हुए थे। लाइट पड़ने पर उनका चेहरा कैमरे में इतना आकर्षक लग रहा था कि एक डायरेक्टर ने उन्हें 1957 में आई फिल्म फैशन में एक छोटा सा रोल दे दिया। रोल छोटा जरूर था, लेकिन मनोज कुछ मिनट की एक्टिंग में अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहे। उसी रोल की बदौलत मनोज कुमार को 1960 में फिल्म कांच की गुड़िया में लीड रोल दिया गया। पहली कामयाब फिल्म देने के बाद मनोज ने बैक-टु-बैक रेशमी रुमाल, चांद, बनारसी ठग, गृहस्थी, अपने हुए पराए, वो कौन थी जैसी कई फिल्में दीं।




1965 में मनोज कुमार देशभक्ति पर बनी फिल्म शहीद में स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह के रोल में नजर आए थे। फिल्म जबरदस्त हिट रही और इसके गाने 'ऐ वतन, ऐ वतन हमको तेरी कसम', 'सरफरोशी की तमन्ना' और 'मेरा रंग दे बसंती चोला' काफी पसंद किए गए थे। शहीद फिल्म तात्कालीन प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री को बेहद पसंद आई थी। शास्त्री जी ने नारा था 'जय जवान, जय किसान'। शास्त्री जी ने मनोज को इस नारे पर फिल्म बनाने की सलाह दी। इस पर मनोज ने फिल्म उपकार बनानी शुरू कर दी, इस फिल्म से उन्होंने बतौर डायरेक्टर करियर की दूसरी पारी शुरू की। उपकार 1967 की सबसे बड़ी फिल्म थी। फिल्म का गाना मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती आज भी सबसे बेहतरीन देशभक्ति गानों में गिना जाता है। फिल्म में मनोज कुमार का नाम भारत था। फिल्म के गाने की पॉपुलैरिटी देखते हुए मनोज कुमार को मीडिया ने भारत कुमार कहना शुरू कर दिया और फिर उन्हें भारत कुमार कहा जाने लगा। उपकार लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर बनी थी, लेकिन वे इसे देख नहीं सके। 1966 में शास्त्री जी ताशकंद के दौरे पर गए थे। वे लौटने के बाद फिल्म उपकार देखते, लेकिन ताशकंद में ही इंडो-पाकिस्तान वॉर में शांति समझौता साइन करने के अगले दिन 11 जनवरी 1966 को उनकी मौत हो गई। उनकी मौत के एक साल बाद 11 अगस्त 1967 को फिल्म रिलीज हुई। शास्त्री जी को फिल्म न दिखा पाने का अफसोस ताउम्र मनोज कुमार को रहा। 1966 की फिल्म 'दो बदन' में मनोज कुमार ने पहली बार प्राण के साथ काम किया और दोनों दोस्त बन गए। प्राण को तब फिल्मों में नेगेटिव रोल मिला करते थे। ऐसे में उनकी छवि बदलने के लिए मनोज कुमार ने उन्हें अपनी फिल्म आह में पॉजिटिव रोल दिया। ये फिल्म फ्लॉप रही और लोगों ने प्राण को नापसंद किया। मनोज कुमार ने हार नहीं मानी। उसी समय मनोज उपकार फिल्म पर काम कर रहे थे। मनोज ने इस फिल्म में उन्हें मलंग बाबा का रोल देने का फैसला किया। मनोज कुमार ने प्राण ने कहा कि क्या आप मेरी फिल्म में मलंग बाबा का रोल करेंगे? प्राण ने कहा,पंडित जी, लाइए स्क्रिप्ट पढ़ लूं। प्राण, मनोज कुमार को पंडितजी कहते थे। स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद प्राण ने कहा कि पंडित, फिल्म की स्क्रिप्ट और मलंग का किरदार दोनों बहुत खूबसूरत हैं, लेकिन एक बार सोच लो, क्योंकि मेरी छवि खूंखार, शराबी, जुआरी और बलात्कारी की है। क्या दर्शक मुझे किसी साधु के रोल में अपना सकेंगे। इरादों के पक्के मनोज कुमार ने उन्हें वो रोल दिया और शूटिंग शुरू कर दी। उन पर फिल्माया गया गीत, कसमें वादे प्यार वफा सब बातें हैं बातों का क्या आज भी जीवंत है। इंदीवर का लिखा अमर गायक मन्ना-डे की सुरीली आवाज में प्राण पर फिल्माया गया यह गीत उत्कृष्ट गीतों में गिना जाता है। भाइयों के बीच बंटवारे और अलगाव की पृष्ठभूमि पर यह गीत फिल्माया जाता है, कल्याण जी आनंद जी का संगीत भी कर्णप्रिय है।




होगा मसीहा सामने तेरे, फिर भी न तू बच पायेगा, तेरा अपना खून ही आखिर,तुझको आग लगाएगा,
आसमान के उड़ने वाले मिट्टी में मिल लगाएगा....कस्मे वादे प्यार वफा सब बातें हैं बातों का क्या...

-प्रस्तुति सुनील 'उत्सव'



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## अमित शाह, और सुधांशु त्रिवेदी

वक्फ बिल राज्यसभा से भी पारित हो गया है। विपक्ष के सभी प्रस्तावित संशोधनों पर भी अलग से वोटिंग हुई, लेकिन वो सभी निरस्त हो गए। राज्यसभा में इस विधेयक पर 13 घंटे से भी अधिक समय तक चर्चा चली। लोकसभा और राज्यसभा में केंद्रीय गृहमन्त्री अमित शाह ने जोरदार तरीके से विधेयक के पक्ष में तर्क दिये और विपक्षी सांसदों के उठाए सवालों के जवाब भी दिये, जब लोकसभा में एक सांसद ने कहा कि अल्पसंख्यक इस कानून को नहीं मानेंगे, तो इस पर अमित शाह ने कड़क कर कहा, ऐसा कैसे बोल सकते हो? क्या धमकी दे रहे हो? ये भारत सरकार का कानून है, सब इसके बन्धन में हैं, सबको मानना पड़ेगा। अमित शाह की यह क्लिप भी वायरल हो रही है। संसद से वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने के बाद प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने इस पर प्रतिक्रिया दी। पीएम मोदी ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक और मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक का संसद के दोनों सदनों से पारित होना सामाजिक-आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास के लिए हमारे सामूहिक प्रयासों में एक महत्वपूर्ण क्षण है। इससे खास तौर पर उन लोगों को मदद मिलेगी, जो लंबे समय से हाशिये पर रहे हैं और उन्हें आवाज और अवसर दोनों से वंचित रखा गया है। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, 'दशकों से वक्फ व्यवस्था पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी का पर्याय रही है। इससे खास तौर पर मुस्लिम महिलाओं, गरीब मुसलमानों, पसमांदा मुसलमानों को नुकसान पहुंचा। संसद की ओर से पारित कानून पारदर्शिता को बढ़ावा देंगे और लोगों के अधिकारों की रक्षा भी करेंगे। राज्यसभा में एक बार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस के नेता दिग्विजय सिंह आमने-सामने थे। चर्चा के दौरान दिग्विजय सिंह ने गुजरात दंगों को लेकर अमित शाह का नाम लेकर कुछ ऐसा कहा कि अमित शाह ने कड़ा पलटवार कर दिया। असल में यह मामला उस समय गरम हो गया, जब बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने मुस्लिम समाज के ऐतिहासिक प्रतिनिधित्व और वर्तमान छवि को लेकर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पहले मुस्लिम समाज के प्रतीक बिस्मिल्लाह खां, मजरूह सुल्तानपुरी, साहिर लुधियानवी, कैफी आजमी जैसे लोग हुआ करते थे, लेकिन आज समाज को अतीक अहमद और याकूब मेनन जैसे नामों से जोड़ा जा रहा है। इस पर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया दी और कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने त्रिवेदी के बयान को निंदनीय बताया। दिग्विजय सिंह ने इसके बाद गुजरात दंगों की बात उठाते हुए अमित शाह पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गुजरात में जब दंगे हुए अमित शाह उस वक्त गृह मंत्री थे। उन्हें बताना चाहिए कि उस समय उनकी क्या भूमिका थी। इस पर अमित शाह ने तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह को मेरे नाम का ऐसा हौवा है कि उन्हें हर जगह मैं ही दिखता हूं, जब गुजरात में दंगे हुए मैं गृह मंत्री नहीं था। मैं 18 महीने बाद इस पद पर आया था। इसके बाद दिग्विजय चुप हो गए। सुधांशु त्रिवेदी राज्यसभा सत्र में छाए रहे। सुधांशु त्रिवेदी के ऐतिहासिक तथ्यों के साथ दिये गये तर्कों को पूरा सदन सुनता रहा। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह विधेयक गरीब मुस्लिमों के हित में लाया गया है। उन्होंने विपक्ष पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को पूरी गंभीरता और विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया और पेश किया गया, लेकिन कुछ लोग इसके प्रावधानों को लेकर गलतफहमी फैलाने में जुटे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि देश में सुन्नी और शिया वक्फ बोर्ड अलग-अलग क्यों हैं? ताजमहल पर भी वक्फ बोर्ड ने दावा क्यों ठोक दिया? त्रिवेदी ने कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि वह हमेशा अपने वोट बैंक को देखकर अल्पसंख्यकों के समर्थन का फैसला करती है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि वक्फ बोर्ड की भूमि पर दावे पिछली सरकारों में कैसे वैध हो गए, जबकि ब्रिटिश शासनकाल में मुगलकालीन जमीनें पहले ही जब्त की जा चुकी थीं। त्रिवेदी ने अपील की कि सभी दल एक साथ आकर इस 'प्रगतिशील विधेयक' को पारित करें। उन्होंने कहा कि हमने इस विधेयक का नाम रखा है 'उम्मीद', लेकिन कुछ लोग 'उम्माह' का सपना देख रहे थे। 'उम्माह' यानी एक इस्लामिक राष्ट्र। उम्मीद वालों को उम्मीद की रोशनी दिख रही है,और उम्माह वालों की उम्मीद पर पानी फिर गया है। सुधांशु त्रिवेदी ने तंज कसते हुए कहा कि नया मुल्ला प्याज ज्यादा खाता है, लेकिन यहां तो पुराना मुल्ला ज्यादा माल खा रहा है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हमारा देश बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान से चलेगा, किसी मजहबी फरमान से नहीं। उन्होंने कहा कि यह मुकाबला उन लोगों के बीच है जो समाज के विकास में विश्वास रखते हैं और उन लोगों के बीच जो सिर्फ अपना हित साधते हैं। हमारी सरकार गरीब मुस्लिम समाज के साथ है, न कि कट्टरपंथी वोटबैंक की राजनीति करने वालों के साथ। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अल्पसंख्यकों की बात करने वाले पहले उसे तौलते हैं और फिर अपने एजेंडे के हिसाब से काम करते हैं। उन्होंने ऐसे लोगों की मानसिकता पर सवाल उठाया, अगर वे न तो कानून को मानते हैं, न ही नियमों को, और न ही अदालतों के आदेशों को, तो इसका मतलब है कि वे खुद को किसी और ही दुनिया में मानते हैं। बीजेपी सांसद ने कहा कि सरकार ने जो भी कदम उठाए हैं, वे संविधान के तहत और न्यायसंगत तरीके से लिए गए हैं। बीजेपी नेता ने कहा कि जमींदारी उन्मूलन 1948 में हो गया था, फिर ये नए जमींदार कहां से आ गए? 2013 के एक्ट में इस तरह की व्यवस्था कर दी गई कि गरीबों की जमीन लेकर वक्फ को दे दी गई। उन्होंने इसे विनोबा भावे के भूदान आंदोलन की जगह 'भू हड़प आंदोलन' करार दिया। सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हमने ईमानदारी से मुस्लिम समाज के कल्याण की बात की है। एक तरफ खड़ा है ईमानदार मुसलमान, जो शराफत के साथ ईमान को गले लगाए हुए है। ये मुकाबला शराफत अली और शरारत खान के बीच है। हमारी सरकार शराफत अली के साथ खड़ी है। हम गरीब मुस्लिम के साथ खड़े हैं। यह सिर्फ अमीरी और गरीबी के बीच की लड़ाई नहीं है, बल्कि वंचितों के सच्चे दर्द और कट्टरपंथी वोट के दलालों के अहंकार के बीच की लड़ाई है। उन्होंने वक्फ संशोधन बिल का विरोध करने वाली कई पार्टियों की विचारधारा पर भी तंज कसा, उन्होंने कहा कि-

वक्फ ने किया क्या हसीं सितम,<br>मुस्लिम लीग और शिवसेना हो गए हैं हम।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'झूट' 'कुर्सी' 'सच' 'भला'

झूट पर ही तो टिकी उनकी कुर्सी और जबां,<br>सच तो ये है के उन्होंने सच कभी बोला नहीं।<br>सच से पाला जब पड़ा तो बिलबिला कर रह गये,<br>ऐसे नेताओं का प्यारे कुछ भला होगा नहीं।

ओउम् शान्तिः रस्म पगड़ी ओउम् शान्तिः



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री धनप्रकाश त्यागी** (एडवोकेट) सुपुत्र स्व0 श्री ब्रह्मानन्द त्यागी (कुलसत वाले) का आकस्मिक निधन दिनांक 26 मार्च 2025, दिन बुधवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

**रस्म पगड़ी, दिनांक 6 अप्रैल 2025 दिन- रविवार** को होनी निश्चित हुई है।

हवन — प्रातः 09:00 बजे<br>ब्रह्मभोज — दोहपर 12:00 बजे<br>रस्म पगड़ी — अपराह्न 02:00 बजे

स्थान:- **अर्पण बैंकेट हॉल,** निकट होटल स्वागत महावीर चौक, मुजफ्फरनगर

-: शोकाकुल परिवार :-

इं0 विदित कुमार त्यागी-सोनिया त्यागी (पुत्र-पुत्रवधु)<br>अक्षत त्यागी, आरव त्यागी (पौत्र)<br>एवं समस्त त्यागी परिवार

निवास:- 214/2, साउथ सिविल लाइन, बुलेटिन वाली गली, मुजफ्फरनगर।

M. 9837452518, 8439673858

# बालाजी शोभायात्रा में मानकों के अनुरूप होंगे डीजे

## -8 फुट चौड़ा व 10 फुट ऊंचा होगा डीजे का साइज



मुजफ्फरनगर, 4 अप्रैल (बु.)। 12 अप्रैल को जनपद की सबसे बड़ी बालाजी शोभायात्रा का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी तैयारी पिछले तीन दिन से शुरू हो चुकी है। कलश यात्रा के बाद लगातार कथावाचिका प्राची देवी श्रीराम चरित मानस कथा का सुंदर वर्णन कर रही हैं। इसी के साथ-साथ अब बालाजी यात्रा की तैयारी जोर पकड़ने लगी है। बालाजी यात्रा में जहां एक ओर नगर के हर गली, हर सड़क पर डीजे और भंडारे लगते हैं, इस बार श्री बालाजीधाम कमैटी ने स्वयं ही यह तय कर लिया था कि शोभायात्रा में चलने वाले डीजे से किसी को कोई परेशानी न हो, इसके चलते डीजे मानकों के अनुसार ही शामिल हो सकेंगे। उसी के अनुरूप आज मंदिर कमैटी के पदाधिकारियों के साथ सीओ मंडी रुपाली राव चौधरी के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में तय किया गया कि यात्रा में शामिल होने वाले डीजे का साइज 8 गुणा 10 का ही रहेगा। इससे बड़े डीजे को किसी प्रकार की अनुमति नहीं दी जाएगी। अनुमति का पालन न करने पर यदि यात्रा में डीजे संचालक अपनी मनमर्जी करते हुए इससे ऊंचे डीजे रखते हैं तो पुलिस उन पर जुर्माना लगाएगी। बैठक में कमैटी की ओर से वरिष्ठ पदाधिकारी भीम कंसल, अध्यक्ष हरिशंकर तायल, कुलदीप कुमार, सुनील कुमार, शुभम गोयल, विशाल गोयल, अश्वनी कुमार, जेपी गोयल आदि मौजूद रहे।

### भगवान का स्वरूप लेकर झांकी में कोई कलाकार नहीं होगा शामिल

**मुजफ्फरनगर, 4 अप्रैल (बु.)।** नगर में होने वाली विभिन्न यात्राओं में कुछ समय से स्त्री-पुरुष कलाकार भगवान का रूप धरकर झांकियों में शामिल होते दिखाई पड़ते हैं, इस बार पर भगवान के कुछ भक्त नाराजगी व्यक्त करते हैं तो कुछ इससे सहमत रहते हैं।

इस विवाद को समाप्त करने के लिए बालाजी मंदिर कमैटी ने निर्णय लिया है कि उनकी शोभा यात्रा में भगवान का रूप धरकर यात्रा में शामिल नहीं होगा। शोभा यात्रा में 11 बैण्ड, 30 झाकियां, ढोल नगाड़े और बाबा का रथ शामिल रहेगा।

## स्वामी कल्याण देव को भारत रत्न देने की उठी जनपद में मांग

### - भारतीय विश्वकर्मा संगठन ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



मुजफ्फरनगर, 04 अप्रैल (बु.)। मुजफ्फरनगर में शुक्रवार को भारतीय विश्वकर्मा संगठन के बैनर तले दर्जनों लोगों ने डीएम कार्यालय पहुंच शिक्षा ऋषि संत स्वामी कल्याण देव जी महाराज को मरणोपरांत देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देकर सम्मानित कराए जाने की मांग की। भारत रत्न दिए जाने की मांग को लेकर संगठन के बैनर तले दर्जनों लोगों ने कलेक्ट्रेट में पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। भारतीय विश्वकर्मा संगठन के बैनर तले कलेक्ट्रेट पहुंचे तमाम पदाधिकारियों ने इस दौरान जय विश्वकर्मा-जय विज्ञान व स्वामी कल्याणदेव अमर रहे के जोरदार नारे भी लगाए। अपने गले में पीला पटका पहने विश्वकर्मा समाज के लोगों ने एकजुटता के साथ अपनी बात प्रशासन के समक्ष रखी। ज्ञापन में कहा गया कि संत वीतराग स्वामी कल्याण देव जी महाराज ने देश में 300 से अधिक शिक्षण संस्थाएं स्थापित की और शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान भी स्थापित किए। उन्होंने दावा किया कि तीन सदी के युग द्दष्टा स्वामी कल्याण देव जी ने स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी से प्रेरणा लेकर अंग्रेजी शासन के दौर में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वराज और स्वदेशी की चेतना जागृत की। उन्होंने गांव की चौपालों, हिंदी, खादी के साथ गौपालन के माध्यम से ग्रामोत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके साथ पौराणिक शुकतीर्थ को भी एक दिव्य और भव्य धाम का स्वरूप प्रदान किया। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन पांचाल, रविंद्र पांचाल, राधेश्याम विश्वकर्मा, भीष्म धीमान, राजीव धीमान, डॉ. रमेश पांचाल, सुरेश चंद सहित बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के दर्जनों लोग शामिल रहे।

## कस्बे व आसपास ग्रामीण क्षेत्र में जुमे की नमाज शांतिपूर्वक अदा हुई

जानसठ, 04 अप्रैल (बु.)। वक्फ बिल पास होने के बाद कस्बे के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के गांव तालड़ा, सलारपुर, मेहलकी, कवाल, चित्तौड़ा,सादपुर, तिसंग आदि में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा हुई। इस दौरान मस्जिदों के बाहर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था का कड़ा बंदोबस्त रहा। वक्फ बिल पास होने के बाद कोई असामाजिक तत्व अफवाह फैलाकर माहौल खराब ना कर दें, इसलिए शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर सीओ यतेंद्र नागर, कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा, कस्बा चौकी इंचार्ज मोहित तेवतिया पुलिस बल के साथ कस्बे व आसपास की सभी मस्जिदों के आसपास गश्त करते रहे। कस्बे के अलावा ग्रामीण क्षेत्र की सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई।

## अप्रैल माह में गांव स्तर पर लगाए जाएगें विशेष कैंप

### - फार्मर रजिस्ट्री के अभाव में नहीं मिलेगा योजनाओं का लाभ

मुजफ्फरनगर, 04 अप्रैल (बु.)। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने जनपद के किसानों को राहत दिए जाने के क्रम में शासन के निर्देश पर अप्रैल माह में ग्राम स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री की बढ़ती समस्या के निदान की खातिर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत गांव स्तर पर कैम्पों के माध्यम से किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री में किसानों की सभी भूमियों के रिकार्ड को आधार से लिंक किए जाने के बाद किसानों का एक फार्मर आइडी युक्त गोल्डन कार्ड बनेगा। इस गोल्डन कार्ड / फार्मर आइडी के आधार पर किसानों को सरकार की विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभान्वित करना आसान होगा। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं क्षतिपूर्ति का आंकलन व भुगतान की व्यवस्था फार्मर रजिस्ट्री के बाद सरल हो जाएगी। उन्होंने जिले के कृषकों से अनुरोध किया कि वह उनके ग्राम में आयोजित होने वाले कैम्पों में उपस्थित होकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवायें। फार्मर रजिस्ट्री के लिए कृषक को अपने आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल व खतौनी की छायाप्रति के साथ उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि जिन कृषकों द्वारा अपनी फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई जायेगी, उनको प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी 20वीं किश्त का लाभ नहीं प्राप्त होगा।

## पेट्रोल पम्प पर खड़ी बाइक चोरी-मुकदमा दर्ज

**मीरापुर, 4 अप्रैल (बु.)।** मेरठ जनपद के बहसूमा थानाक्षेत्र के गांव अकबरपुर निवासी तालिब पुत्र सलीम कुतुबपुर झाल के समीप स्थित पेट्रोल पम्प पर कार्य करता है। गुरुवार की रात्रि में तालिब की सुपर स्पलेंडर बाइक पेट्रोल पम्प पर खड़ी थी। इसी बीच किसी चोर ने वहाँ से तालिब की बाइक चोरी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## वीडियो वायरल कर पुलिस को चुनौती देने वाले दो आरोपी और गिरफ़्तार

मीरापुर, 4 अप्रैल (बु.)। करीब पांच दिन पूर्व क्षेत्र के गांव गढ़ी रसूलपुर के प्रधान पक्ष के कुछ युवकों की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसमें दिख रहे युवक अपने आपको मोस्ट वांटेड अपराधी बताते हुए तथा पुलिस के प्रति अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए पुलिस को चेतावनी दे रहे थे। शुक्रवार को पुलिस ने वायरल वीडियो में दिखाई पड़ रहे रसूलपुर गढ़ी निवासी दो युवकों शोएब पुत्र इंतियाज सलमानी व समीर पुत्र अहसान को गिरफ़्तार कर लिया। वहीं दूसरी तरफ रवि पुत्र महिपाल निवासी सिकन्दरपुर को भी पुलिस ने गांव में मारपीट करने के मामले में गिरफ़्तार किया है। पुलिस ने तीनों युवकों का शांतिभंग में चालान कर दिया। पुलिस वीडियो वायरल मामले में एक युवक शाहनवाज का पहले ही शांतिभंग में चालान कर चुकी है।

## काली नदी पर पुल बनाने की मांग को लेकर बैठक संपन्न

मुजफ्फरनगर, 04 अप्रैल (बु.)। काली नदी किसान समिति की संपन्न बैठक में गांव खांजापुर में स्थानीय लोगों की समस्याओं को लेकर विचार मंथन किया गया और काली नदी पर पुल निर्माण कराए जाने की मांग प्रमुखता के साथ भाजपा नेताओं एवं प्रशासन के सम्मुख उठाए जाने का निर्णय लिया गया। काली नदी किसान समिति के बैनर तले शुक्रवार को संपन्न बैठक की अध्यक्षता हुमा अंसारी एवं संचालन इशरत जहां व कुसुम पाल ने संयुक्त रूप से किया। इस बैठक में समिति अध्यक्ष विजय कश्यप ने बताया कि काली नदी पर पुल बनाए जाने की मांग लेकर बीते दस वर्षों से स्थानीय लोगों के साथ समिति करती आ रही है। उन्होंने स्थानीय किसानों एवं क्षेत्र के लोगों की समस्या के निदान के लिए शासन-प्रशासन से काली नदी पर अविलंब पुल का निर्माण कराए जाने की मांग की। इस दौरान आसमा, इकरा, अफसाना, मंजू, हमीदा, ऊषा, नादिरा, प्रवीण, अंगूरी देवी, माया, फूलकली, सुमित्रा, सरोज, डोली, रामवती, अनिता, सीमा, अनार कली, नूरजहां एवं रजिया आदि मौजूद रहे।

## खतौली में जुमे की नमाज पर पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट मोड पर



खतौली, 4 अप्रैल (बु.)। लोकसभा के बाद राज्यसभा में ध्वनि मत से बहुमत के साथ वक्फ संशोधन बिल पारित होने के किसी विरोध व प्रदर्शन की आशंका को लेकर जुमे की नमाज होने से पूर्व ही पुलिस प्रशासन द्वारा बुलेट प्रूफ जैकेट व सुरक्षा यंत्रों के साथ पैदल सड़कों पर फ्लैग मार्च निकाला तथा आम जनमानस को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास दिलाते हुए शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की। मिली जानकारी के अनुसार गत दो दिनों पूर्व संसद में तथा बीती देर रात राज्यसभा में बहुमत के साथ वक्फ संशोधन बिल पारित हो गया था। दोनों सदनों में वक्फ बिल के पारित होने से जहां विपक्षी दलों द्वारा बिल के विरोध में लगातार आवाज बुलंद करने का सिलसिला शुरू हो गया था, वहीं कुछ मुस्लिम वर्ग के नेताओं सहित मुस्लिम धर्मगुरूओं द्वारा बिल को लेकर अपना विरोध प्रकट करने की चेतावनी का दौर भी शुरू हो गया था। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान किसी हंगामे की आशंका से पुलिस प्रशासन प्रातःकाल से ही सजग बना नजर आया, जिसको लेकर जुमे की नमाज से पूर्व उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी, सीओ रामाशीष यादव, कोतवाली प्रभारी ब्रजेश शर्मा के नेतृत्व में बुलेट प्रूफ जैकेट पहने सुरक्षा शस्त्रों से लैस पुलिसफोर्स द्वारा नगर की सड़कों पर उतरकर नगर क्षेत्र में कोतवाली प्रांगण से फ्लैग मार्च प्रारम्भ किया गया। पुलिस फोर्स द्वारा नगर की मुख्य सड़कों सहित बड़ा बाजार, ढाकन चौक, बुढ़ाना रोड, जानसठ रोड, बिढ्विवाडा आदि क्षेत्रों में पैदल गश्त किया गया, वहीं जुमे की नमाज के दौरान जानसठ तिराहा स्थित अकबर खां मस्जिद पर भारी पुलिसबल बना रहा, वहीं नगर की अन्य मस्जिदों पर नमाज के दौरान पुलिस पिकेट तैनात नजर आया। प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की मुस्तैदी के फलस्वरूप नगर क्षेत्र में जुमे की नमाज शांति व सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में सम्पन्न होने से प्रशासन सहित नगरवासियों ने राहत की सांस ली।

## यूनुस से बोले मोदी- बांग्लादेश में जल्द चुनाव कराएं



नई दिल्ली, 04 अप्रैल (एजेंसी)। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश में जल्द चुनाव कराने की अपील की। साथ ही संबंधों को नुकसान पहुंचाने वाली बयानबाजी से बचने के लिए भी कहा है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मोदी-यूनुस से मुलाकात को लेकर जानकारी दी। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मोदी ने यूनुस से कहा कि लोकतंत्र में चुनाव बहुत जरूरी हिस्सा है। पीएम ने उम्मीद जताई कि बांग्लादेश में जल्द ही लोकतांत्रिक और स्थायी सरकार देखेंगे। दोनों नेताओं के बीच बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हालत पर भी बातचीत हुई। पीएम मोदी ने इस मुद्दे को खुलकर सामने रखा। यूनुस ने भरोसा दिया कि बांग्लादेश सरकार अपनी जिम्मेदारियों पर खरी उतरेगी। दोनों नेताओं ने थाईलैंड में बिमस्टेक समिट की साइडलाइन में यह मुलाकात की है। बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त में हुए तख्तापलट के बाद पीएम मोदी पहली बार यूनुस से मिले हैं। यूनुस के पद संभालने के बाद से भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। मोहम्मद यूनुस ने हाल ही में अपनी चीन यात्रा के दौरान कहा था कि भारत का नॉर्थ-ईस्ट लैंडलॉक्ड है और उसकी समुद्र तक पहुंच नहीं है। समुद्र तक पहुंचने के लिए बांग्लादेश इस क्षेत्र का मुख्य दरवाजा है। इस बयान को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने कड़े शब्दों में जवाब दिया था। जयशंकर ने कहा कि हम यह मानते हैं कि सहयोग एक व्यापक चीज है। ऐसा नहीं हो सकता है कि आप सिर्फ अपने फायदे की ही बात करें, बाकी बातों को नजरअंदाज कर दें। इससे पहले कल रात डिनर में दोनों नेता एक साथ दिखाई दिए थे। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को दोनों के बीच मुलाकात होने का दावा किया था।

## एक साल में यूपी वाले गटक गए 52 हजार करोड़ की शराब

लखनऊ, 04 अप्रैल (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में बीते साल जमकर जाम छलका,शराब के शौकीनों ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। यूपी आबकारी विभाग की माने तो वित्तीय वर्ष 2024-25 के आंकड़ों के मुताबिक यूपी वाले 52 हजार करोड़ रुपये से अधिक की शराब गटक गए। इस वर्ष विभाग को 52297.08 करोड़ का राजस्व मिला है, जो पिछले वर्ष से 14.76 फीसदी अधिक है। माना जा रहा है कि अवैध शराब पर अंकुश से यह मुनाफा बढ़ा है। यूपी में वित्तीय वर्ष 2024-25 में शराब की बिक्री से 52297.08 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है,जो पिछले वर्ष की तुलना में 14.76 फीसदी अधिक है। यह बढ़ोतरी अवैध शराब पर प्रभावी नियंत्रण और नई आबकारी नीति के कारण मानी जा रही है। नई नीति के तहत अंग्रेजी शराब और बीयर एक ही दुकान पर बेची जाएंगी, जिससे खुदरा घनत्व में वृद्धि होगी। सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में 55,000 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व का लक्ष्य रखा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में शराब की बिक्री से हुए रिकॉर्ड राजस्व को अवैध शराब पर प्रभावी अंकुश लगाना बताया जा रहा है। प्रदेश आबकारी विभाग ने राजस्व लक्ष्य में अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। वित्तीय वर्ष 2024-25 में आबकारी विभाग को 52297.08 करोड़ का राजस्व मिला। आबकारी आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह के मुताबिक वर्ष 2022-23 में 41,252.24 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, जो वर्ष 2023-24 में 4,318.23 करोड़ रुपये यानि 10.47 फीसदी अधिक हुआ।

## जनपद के गणमान्य लोगों द्वारा एटूजेड कॉलोनी प्रकरण में दोनों परिवारों के बीच सहमति बनाकर पारिवारिक ढंग से कराया गया निराकरण



फाइल फोटो

मुजफ्फरनगर, 04 अप्रैल (बु.)। तीन दिन पहले हुए एटूजेड प्रकरण में बुढ़ाना के परिवार के मुजफ्फरनगर के परिवार के बीच जनपद के गणमान्य लोगों द्वारा आपसी सहमति बनवाकर समस्या का निराकरण कराया गया। इस प्रकरण में बुढ़ाना की बेटी शालिनी के परिवार व एटूजेड कॉलोनी स्थित युवक प्रणव के परिवार को बैठाकर दोनों की मंशा पूछी गयी। दोनों परिवारों ने एक राय होकर कहा कि जब दोनों बच्चे आपस में खुश नहीं हैं तो क्यों न प्यार से दोनों को अलग अलग कर दिया जाये। परिवार के लोगों ने कहा कि आपसी लड़ाई का फायदा क्यों लोगों को उठाने दिया जाये, इससे बेहतर है कि हम लोग आपस में सहमति बनाकर इस मामले का निस्तारण आज ही कर लें। नगर के गणमान्य लोग पूर्व विधायक उमेश मलिक, पूर्व जिलाध्यक्ष सपा प्रमोद त्यागी, मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, समाजसेवी भीम कंसल, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, समाजसेवी शंकर स्वरूप, व्यापारी नेता संजय मित्तल, भाजपा नेता विनीत कात्यायन की मौजूदगी में दोनों परिवारों को बैठाकर आपसी सहमति बनवाई गयी और मामले का निस्तारण सकुशल कर दिया गया। समाज के लोगों ने तय किया कि विवाह समारोह के दौरान जो भी सामान आदि एक दूसरे के घर लिया दिया गया है, उसका निस्तारण दोनों परिवारों ने मिलकर कर लिया है। ऐसे में अब किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं रह गया है। अपनी मर्जी से दोनों युवक युवती व दोनों परिवार बिना किसी आरोप प्रत्यारोप के इस विवाद को समाप्त करते दिखाई दिये। गणमान्य लोगों ने दोनों परिवारों को निकट भविष्य में लोगों की बातों में न आने की बात समझाई। दोनों परिवारों ने तय किया कि अब वे सड़कों पर वे एक दूसरे की इज्जत नहीं उछालेंगे। जो हुआ उसके लिए दोनों परिवार एक दूसरे से अपने गिले शिकवे आज ही समाप्त कर रहे हैं। गणमान्य लोगों ने भी यह कहा कि यह एक सामाजिक मामला था, हर घर में बेटियां व बेटे मौजूद हैं, ऐसे में दोनों परिवारों का समझौता कराना हमारा सामाजिक दायित्व था, जिसमें उन्हें सफलता मिली और दोनों घर आपसी सहमति से अपने गिले शिकवे दूर कर-के अपना फैसला ले चुके हैं। शायद इससे अच्छा प्रयास और कोई नहीं हो सकता था।

## कार्यालय उपायुक्त स्वतः रोजगार, मुजफ्फरनगर

पत्रांक 04 /एन0आर0एल0एम0/डी0आर0पी0–बी0आर0पी0/2024–25 दिनांक 02/04/2025

**आवश्यकता है**

मिशन निदेशक,उ0प्र0राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 3999/प्रशी./आजीविका/2024–25 दिनांक 06.12.2024 के द्वारा शासी निकाय द्वारा अनुमोदित संशोधित रिसोर्स पर्सन पॉलिसी (Resource Persobn Policy) के अनुसार जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास हेतु डिस्ट्रिक्ट एवं ब्लॉक रिसोर्स पर्सन का चयन किया जाना है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

**रिक्त पदो का विवरण**

| क्र0 स0 | थीम का नाम | डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन की संख्या | प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर ब्लॉक रिसोर्स पर्सन की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | सोशल मोबिलाईजेशन एवं क्षमतावर्धन | 3 | 4 |
| 2 | सूक्ष्म वित एवं वित्तीय प्रबन्धन | 3 | 4 |
| 3 | समाजिक समावेशन एवं सामाजिक विकास | 2 | 2 |
| 4 | आजीविका फार्म | 2 | 2 |
| 5 | आजीविका नॉन फार्म | 1 | 2 |
| | कुल संख्या | 11 | 14 |

**डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स एवं ब्लॉक रिसोर्स पर्सन के पदानुसार योग्यता एवं चयन प्रकिया निम्नानुसार है।**

| क्र0 स0 | पद का नाम | आवश्यक न्यूनतम योग्यता | चयन प्रकिया | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन(DRP) | • शैक्षिक योग्यता– सम्बन्धित थीम में स्नातक डिग्री/पी0जी0 डिप्लोमा<br>• अनुभव– 03 वर्ष सम्बन्धित थीम का<br>• आयु– कम से कम 25 वर्ष<br>• हिन्दी एवं अग्रेजी भाषा का ज्ञान हो<br>• कम्प्यूटर व स्मार्ट फोन/एड्रांयड फोन का ज्ञान हो<br>• क्षेत्रीय भ्रमण का इच्छुक हो। | • अभ्यार्थी का चयन लिखित परीक्षा(40 अंक) साक्षात्कार एवं प्रस्तुतिकरण(60 अंक) के माध्यम से किया जायेगा।<br>• लिखित परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक पाने वाले अभ्यार्थी को ही साक्षात्कार के लिये योग्य माना जायेगा।<br>• आवदेन पत्र जिला मिशन प्रबन्धन ईकाई, विकास भवन मु0नगर में जमा किये जायेगें। | • 2500/रू प्रति दिवस<br>• प्रति लेक्चर 1000/रू |
| 2 | ब्लॉक रिसोर्स पर्सन(BRP) | • महिला अभ्यार्थी 12वी पास एवं उ0प्र0राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की सदस्य हो।<br>• स्वयं सहायता समूह में कम से कम 02 वर्ष का कार्य अनुभव<br>• आयु– कम से कम 21 वर्ष<br>• हिन्दी एवं स्थानीय भाषाओं का ज्ञान हो<br>• कम्प्यूटर व स्मार्ट फोन/एड्रांयड फोन का ज्ञान हो<br>• क्षेत्रीय भ्रमण का इच्छुक हो। | • अभ्यार्थी का चयन लिखित परीक्षा(70 अंक) साक्षात्कार एवं प्रस्तुतिकरण(60 अंक) के माध्यम से किया जायेगा।<br>• आवदेन पत्र ब्लॉक मिशन प्रबन्धन ईकाई, सम्बन्धित विकास खण्ड में जमा किये जायेगें। | • 700/रू प्रति दिवस |

**डिस्ट्रिक्ट/ब्लॉक रिसोर्स पर्सन के चयन प्रकिया सम्बन्धित सम्भावित समय सीमा निम्नानुसार है**

| क्र0स0 | चरण | DRP दिनांक | BRP दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन | 05.04.2024 | 05.04.2024 |
| 2 | सभी पदो के लिए आवदेन करने की अन्तिम तिथि | 21.04.2025 | 21.04.2025 |
| 3 | आवेदन पत्र शार्ट लिस्टिंग की अन्तिम तिथि | 25.04.2025 | 25.04.2025 |
| 4 | लिखित परीक्षा | 28.04.2025 | 30.04.2025 |
| 5 | लिखित परीक्षा का परिणाम | 28.04.2025 | 30.04.2025 |
| 6 | साक्षात्कार | 02.05.2025 | 05.05.2025 |

नोट– अधिक जानकारी हेतु जिला मिशन प्रबन्धन ईकाई कार्यालय, भूतल विकास भवन मुजफ्फरनगर में सम्पर्क करे या फिर ई–मेल– dmmmuzaffarnagar@gmail.com के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**उपायुक्त (स्वतः रोजगार)**<br>**राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन**<br>**मुजफ्फरनगर**

# वक्फ संशोधन विधेयक राज्यसभा में पारित, संसद की लगी मुहर




**नयी दिल्ली 04 अप्रैल (वार्ता)** राज्यसभा ने वक्फ बोर्डों की जवाबदेही , पारदर्शिता तथा दक्षता बढाने के लिए लाये गये वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक 2025 को विपक्षी सदस्यों के सभी संशोधनों को खारिज करते हुए शुक्रवार को मतविभाजन के जरिये 95 के मुकाबले 128 मतों से पारित कर दिया। सदन ने द्रमुक के तिरूचि शिवा के एक संशोधन प्रस्ताव को भी मतविभाजन के जरिये खारिज किया। इस प्रस्ताव के पक्ष में 92 और विपक्ष में 125 मत पड़े। इसके साथ ही विधेयक पर संसद की मुहर लग गयी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। विपक्षी दलों के अनेक सदस्यों ने विधेयक के तकरीबन हर अनुच्छेद में संशोधन के प्रस्ताव दिये थे लेकिन सदन ने इन सभी प्रस्तावों को ध्वनिमत से खारिज कर दिया। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विधेयक पर करीब तेरह घंटे चली चर्चा का देर रात सवा एक बजे बेहद संक्षिप्त जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक किसी की धार्मिक भावना को चोट पहुंचाने के लिए नहीं बल्कि मुस्लिम समुदाय के अधिक से अधिक लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए लाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वक्फ संपत्तियों में किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार ने विधेयक में संयुक्त संसदीय समिति की सिफारिशों तथा देश भर के अन्य हितधारकों के ज्यादा से ज्यादा सुझावों को शामिल किया है। उन्होंने कहा कि मसौदा विधेयक और मूल विधेयक के स्वरूपों को देखकर इस बात का भलीभांति अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार ने सभी हितधारकों को साथ लेकर चलने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि जिन संपत्तियों के दस्तावेज हैं उनके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की जायेगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष कह रहा है कि देश के मुसलमान गरीब हैं तो सोचने की बात है कि वे किसके कारण गरीब हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश में सबसे अधिक समय तक सरकार तो कांग्रेस की ही रही है। वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम को शामिल किये जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड एक वैधानिक संस्था है तो इस तरह की संस्थाओं का धर्मनिरपेक्ष होना जरूरी है इसलिए इसमें मुस्लिम समुदाय से अलग कुछ लोगों को शामिल किया जा रहा है लेकिन उनका बहुमत नहीं रहेगा और वक्फ बोर्ड का प्रबंधन मुस्लिमों के पास ही रहेगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश भर से अनेक शिष्टमंडलों ने वक्फ बोर्डों में एकाधिकार को समाप्त करने की मांग की थी और इसे ध्यान में रखकर विधेयक में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देकर इसे समावेशी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से मुसलमानों का फायदा होने वाला है और विपक्ष को लोगों को बेवजह गुमराह नहीं करना चाहिए। उनके जवाब के बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। संशोधन के प्रस्ताव कांग्रेस के नासिर हुसैन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के पी संदोष कुमार, जॉन ब्रिटास , माकपा के ए ए रहीम, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वी शिवादासन , राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की फौजिया खान, द्रमुक के तिरूचि शिवा , द्रमुक की कनिमोझी एन वी एन सोमू , आई यू एम एल के अब्दुल वहाब और भाकपा के पी पी सुनीर आदि सदस्यों ने दिये थे।

### आरबीआई जारी करेगा 10 और 500 रुपये के नए नोट

**मुंबई, 04 अप्रैल (वार्ता)** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जल्द ही महात्मा गांधी



सीरीज में 10 रुपये और 500 रुपये के नए नोट जारी करेगा। आरबीआई ने शुक्रवार को बताया कि इन नए नोटों का डिजाइन पहले से जारी किए गए महात्मा गांधी (न्यू) सीरीज के 10 रुपये और 500 रुपये के नोटों के समान ही होंगे। 10 रुपये और 500 रुपये के नए नोटों पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। केंद्रीय बैंक ने बताया कि नए नोटों के डिजाइन पहले के नोटों जैसे ही रहेंगे। पहले जारी किए गए सभी 10 रुपये के नोट पूरी तरह से वैध मुद्रा बने रहेंगे। महात्मा गांधी (न्यू) सीरीज के 500 रुपये के सभी पुराने नोट भी वैध मुद्रा के रूप में मान्य रहेंगे।

### कैमिकल व्यापारी की संदिग्ध परिस्थति में मौत

**मुजफ्फरनगर, 4 अप्रैल (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला भरतिया कॉलोनी निवासी कैमिकल व्यापारी हिमांशु की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरूवार रात को व्यापारी खाना खाकर आराम से सो गया था। रात्रि में लगभग 3 बजे रात्रि में उसकी अचानक हालत बिगड़ गयी, जिसे जिला अस्पताल उपचार के लिए लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने इस मामले में पुलिस कार्यवाही से इंकार कर दिया और शव को लेकर चले गए।

### ज्वैलरी की दुकान से चोरी करने वाला पकड़ा

**मुजफ्फरनगर, 4 अप्रैल (बु.)।** गुरूवार को मुजफ्फरनगर बुलेटिन के सोशल मीडिया से सर्राफा बाजार के एक सर्राफा कारोबारी की दुकान का वीडियो वायरल किया गया था, जिसमें एक युवक चोरी करता हुआ देखा गया था। दुकान मालिक ने आरोप लगाया था कि युवक ने दो नोटों की गड्डी व एक जोड़ी टॉप्स चोरी किये हैं, जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गयी तो आज शहर कोतवाली पुलिस ने उक्त युवक को गिरफ्तार कर लिया। युवक शहर कोतवाली क्षेत्र के लद्दावाला का रहने वाला अजीम निकला। आरोपी से 1600 रुपये बरामद किये गए हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त युवक नागरिका संशोधन कानून के मामले में हुए बवाल में भी जेल जा चुका है। अमित ज्वैलर्स के स्वामी सोनू मोनू का कहना है कि घटना के समय स्वयं मोनू बाजार में सामान लेने गया हुआ था, जबकि दुकान पर सोनू मौजूद था तथा वह दुकान में रखी अलमारी को खुला छोड़कर दूसरी अलमारी से जेवरात निकालने चला गया था। इसी बीच अजीम ने इस घटना को अंजाम दिया।

### रेलवे लाइन में लगी जोगल प्लेट चोरी मामले में तीन गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 4 अप्रैल (बु.)।** 1 मार्च को रेलवे लाइन में लगी दो जोगल प्लेट एकाएक गायब हो गयी थी। इस मामले में



रेलवे इंजीनियर साजिद द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। इस मामले में आरपीएफ ने परतापुर मेरठ के रहने वाले दिलशाद व तसलीम को गिरफ्तार किया है तथा उनकी निशानदेही पर कंकरखेड़ा थाने के गांव कसौली निवासी कबाड़ी आस मौहम्मद को गिरफ्तार कर उससे ये जोगल प्लेट बरामद कर ली हैं।

### भारत के पड़ोस में फिर भूकंप का झटका, नेपाल में 5 की तीव्रता से डोली धरती

**काठमांडू, 04 अप्रैल (एजेंसी)।** भारत के एक और पड़ोसी देश में फिर से धरती डोली है। इससे लोगों में दहशत फैल गई। म्यांमार और पाकिस्तान के बाद अब बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा से लगते पड़ोसी देश नेपाल में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5 मापी गई है। बता दें कि हाल में ही एक और पड़ोसी म्यांमार में 7.7 की तीव्रता से भूकंप आया था। इस प्राकृतिक आपदा में अभी तक 3000 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की जा चुकी है। व्यापक पैमाने पर संपत्ति का भी नुकसान हुआ है। थाईलैंड में भी भूकंप आया था और वहां भी व्यापक विनाश हुआ है। म्यांमार और थाईलैंड के बाद पाकिस्तान में भी भूकंप का झटका महसूस किया गया था, जिसका केंद्र बलूचिस्तान में बताया गया था।

### तीन छात्राओं के गायब होने की खबर दबाता रहा स्कूल, रात में पहुंचे डीएम-एसएसपी तब खुली पोल

**मेरठ, 04 अप्रैल (एजेंसी)।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, सरूरपुर ब्लॉक से तीन छात्राएं संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई हैं। यह मामला तब सामने आया जब कल सुबह करीब 11 बजे तीन छात्राओं के लापता होने की सूचना मिली। हालांकि, विद्यालय प्रशासन ने इस गंभीर घटना की सूचना को दबा कर रखा और अधिकारियों को समय से सूचित नहीं किया। मामले की भनक लगते ही देर रात जिला पंचायत सदस्य अनिकेत भारद्वाज ने उच्चाधिकारियों से इस संबंध में शिकायत की, जिसके बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सीडीओ मेरठ और एडीएम रात में ही मौके पर पहुंचे और विद्यालय का निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लापता तीनों छात्राओं की उम्र 12 से 15 वर्ष के बीच बताई जा रही है। देर रात डीएम और एसएसपी भी आवासीय विद्यालय पहुंचे, लेकिन अब तक छात्राओं का कोई सुराग नहीं लग पाया है। मामले को लेकर विद्यालय प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं, और संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही स्कूल प्रबंधन पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

### संसद से पास होने के बाद वक्फ बिल को लेकर देश में शुरू हुआ प्रोटेस्ट, सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ओवैसी

**नई दिल्ली, 04 अप्रैल (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन विधेयक 2025 संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा से पास हो गया है, जिसे लेकर केंद्र सरकार को अब देशभर में विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच राज्यसभा से वक्फ बिल पास होने के बाद विपक्षी पार्टी कांग्रेस और असदुद्दीन ओवैसी ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। इतना ही नहीं, वक्फ बिल को सपोर्ट करना बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी महंगा पड़ा है, बीते गुरुवार उनको दो बड़े नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। अब शुक्रवार (4 अप्रैल) मुस्लिम समुदाय द्वारा जुमे की नमाज के बाद हजारों लोग कोलकाता, चेन्नई और अहमदाबाद की सड़कों पर एकत्र हुए और संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कई विरोध प्रदर्शन वक्फ संरक्षण के लिए संयुक्त मंच द्वारा आयोजित किए गए थे। अहमदाबाद में माहौल ज्यादा तनावपूर्ण रहा। वहां पुलिस को बुजुर्ग प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाने के लिए बल प्रयोग करना पड़ा। चेन्नई में भी तमिलनाडु के मशहूर एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कझगम ने राज्यव्यापी प्रदर्शन का ऐलान किया।

## जन शताब्दी एक्सप्रेस हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बची

**सहारनपुर, 04 अप्रैल (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में शुक्रवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा टल गया। नागल क्षेत्र में देहरादून से दिल्ली जा रही जनशताब्दी एक्सप्रेस के इंजन का पहिया जाम हो गया। इससे रेलवे ट्रैक पर 50 मीटर तक क्लिप उखड़ गए। लोको पायलट की समझदारी से ट्रेन पलटने से बच गई, लेकिन ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। शुक्रवार की सुबह लगभग 8:30 बजे यह घटना हुई। जनशताब्दी एक्सप्रेस देहरादून से दिल्ली जा रही थी। नागल के पास आउटर सिग्नल के पास ट्रेन के इंजन में समस्या आई। इंजन का पहिया अचानक जाम हो गया। ट्रेन में सवारियां भरी हुई थीं। पहिया जाम होने से ट्रेन की गति धीमी हो गई। रेलवे ट्रैक पर लगभग 50 मीटर तक क्लिप उखड़ गए। लोको पायलट ने समझदारी दिखाई। उन्होंने समय रहते ट्रेन को नियंत्रित किया। अगर ट्रेन नहीं रुकती, तो वह पलट सकती थी। रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। उन्होंने ट्रैक की मरम्मत का काम शुरू कर दिया। इस हादसे की वजह से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। कुछ ट्रेनों को रोका गया और कुछ को देरी से चलाया गया। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि इंजन का पहिया कैसे जाम हुआ। वे यह भी देखेंगे कि ट्रैक पर क्लिप क्यों उखड़े।



### यूपी में अब घुसने से पहले थराएंगे आतंकी, एसटीएफ के पास होगी वो राइफल जिससे मारा गया था ओसामा, योगी सरकार ने जारी किया बजट

**लखनऊ, 04 अप्रैल (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने हाल के दिनों में आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद यूपी की कानून व्यवस्था को और पुख्ता करने के लिए यूपी पुलिस को अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने जा रही हैं। योगी सरकार ने एसटीएफ को पांच हजार अत्याधुनिक हथियार खरीदने का बजट जारी कर दिया है। गृह विभाग ने एसटीएफ को 9 एमएम की तीन हजार पिस्टल, 5.56 एमएम की दो हजार रायफल खरीदने की मंजूरी दी है। पिस्टल खरीदने के लिए 8.36 करोड़ रुपए और रायफल खरीदने के लिए 18.62 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। एसटीएफ को 330 असॉल्ट रायफल खरीदने की भी मंजूरी दी गई। बता दें कि यूपी एसटीएफ आतंकियों और अपराधियों के एनकाउंटर में 9 एमएम पिस्टल का इस्तेमाल करती है, इससे पहले जो 9 एमएम की पिस्टल हुआ करती थी, वह काले रंग का हुआ करती थी, लेकिन इतनी ज्यादा मॉडर्न नहीं थी। अब जो 9 एमएम की पिस्टल यूपी एसटीएफ इस्तेमाल करने जा रही है वह काफी मॉर्डन है, एक साथ 19 गोलियां फायर हो सकती हैं, निशाना सटीक लगाने के लिए लाल रंग की रेज निकलती है, 9 एमएम के पिस्टल में साइलेंसर भी लगा हुआ है, जिससे कि जब गोली चलेगी, तो आवाज नहीं आएगी। मिली जानकारी के अनुसार 9 एमएम पिस्टल के लिए 15.50 लाख और 5.56 एमएम राइफल के लिए 20 लाख कारतूस खरीदे जाएंगे।

## डीजी जेल पीवी रामा शास्त्री के सामने ही मुलाकातियों ने की वसूली की शिकायत

### शामली में जेल निर्माण के लिए जमीन की गयी चिह्नित, जल्द होगा निर्माण कार्य

**मुजफ्फरनगर, 4 अप्रैल (बु.)।** पहले से ही तय कार्यक्रम के अनुसार को शुक्रवार को जिला कारागार के निरीक्षण को पहुंचे डीजी जेल पीवी रामा शास्त्री की अगुवानी जिला अधिकारी उमेश मिश्रा व एसएससी अभिषेक सिंह ने की। निरीक्षण से पहले डीजी जेल पीडब्लूडी गेस्ट हाउस पर पहुंचे जहां से उन्हें जिलाधिकारी व डीआईजी जिला कारागार लेकर पहुंचे। सबसे पहले डीजी जेल को जेल गेट पर सलामी दी गयी उसके बाद उन्होंने स्मारक पर पुष्प अर्पित किये फिर मुलाकातियों से सीधा संवाद किया। बड़ी बात यह रही कि संवाद के दौरान उन्हें जेल प्रशासन के खिलाफ जमकर शिकायतें मिली। तत्काल ही उन्होंने जांच के आदेश दिये। लगभग दो घंटे तक डीजी जेल ने जेल की पाठशाला, अस्पताल, पुस्तकालय, बैरक, व रजिस्टरों का निरीक्षण किया तथा पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि निरीक्षण सभी जेलों का किया जा रहा है। पूरे प्रदेश में वे इस तरह का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज उनका आना मुजफ्फरनगर हुआ है। उन्होंने पत्रकारों से बताया कि जो भी कमियां कारागार में मिली हैं, उसके सुधार के निर्देश जेल प्रशासन को दे दिये गए हैं। पूर्व विधायक शाहनवाज राणा से मिले मोबाइल के विषय में जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी जेलों में सुरक्षा को और मजबूत किया जायेगा। इस मामले में जांच जारी है। नई जेलों के निर्माण पर डीजी जेल ने कहा कि नए जिलों में जेल स्थापित करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। ऐसे में जल्द ही शामली जिले में जेल का निर्माण शुरू हो जाएगा। इसके लिए जमीन चिह्नित कर ली गयी है। इस दौरान जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी, जेल राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।



### मुलाकाती महिला ने बताई 21 हजार रुपये मांगने की कहानी

**मुजफ्फरनगर, 4 अप्रैल (बु.)।** निरीक्षण के दौरान जब डीजी जेल ने मुलाकातियों से संवाद किया तो शामली जनपद के जिजौला की रहने वाली अनीसा ने बेखौफ होकर डीजी जेल पीवी रामाशास्त्री को यह बता दिया कि जेल में गिनती कटवाने के नाम पर उनसे 21 हजार रुपये की मांग की गयी थी। अनीसा ने बताया कि उसका देवर नशीले पदार्थ के मामले में जिला कारागार में बंद है। वह जब देवर को जेल में पैसे देकर लौटी तो उसे दिल का दौरा पड़ गया, तभी उसकी जेब से पैसे चोरी कर लिये गए। मामले में डीजी जेल ने महिला से शिकायत पत्र मांगा एवं तुरन्त जांच के आदेश डीआईजी जेल को दिये। वहीं दूसरी महिला तसव्वर ने शिकायत करते हुए बताया कि उसके परिवार का सदस्य इसरार जेल में बंद है। तबीयत खराब होने पर उसने सही ढंग से इलाज न मिलने की शिकायत डीजी को बताई। इस मामले में भी डीजी जेल ने जेल प्रशासन से जवाब मांगा है।

## अलर्ट मोड पर रहा पुलिस-प्रशासन, हर स्थिति पर पैनी नजर

**▶ ड्रोन कैमरों से संवेदनशील क्षेत्रों में की गई निगरानी ▶ मंडलायुक्त-डीआईजी पहुंचे मुख्यालय, परखी व्यवस्थाएं ▶ धर्मगुरुओं से वार्ता कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा**

**मुजफ्फरनगर, 04 अप्रैल (बु.)।** बीते दिवस वक्फ संशोधन बिल के लोकसभा एवं राज्यसभा से पारित होने के बाद प्रदेशभर में जारी अलर्ट के बीच शुक्रवार को जुमे की नमाज के मद्देनजर जनपद मुजफ्फरनगर में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई। इस बीच जहां एक ओर नगरीय क्षेत्र में संवेदनशील इलाकों व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई, वहीं इस बीच प्रशासनिक अधिकारियों ने पैदल मार्च कर आम जनता से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। दोपहर को जुमे की नमाज जनपद में शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद पुलिस-प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस दौरान जारी अलर्ट के बीच सहारनपुर मंडलायुक्त अटल कुमार राय और डीआईजी अजय कुमार साहनी स्वयं भी मुजफ्फरनगर पहुंचे और पैदल गश्त करते हुए हालात का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं समुदाय के प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित करते हुए सहयोग मांगा।

जनपद मुजफ्फरनगर में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के साथ सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को मंडलायुक्त अटल कुमार राय, डीआईजी सहारनपुर मंडल अजय कुमार साहनी ने डीएम उमेश मिश्रा, डीआईजी एवं एसएसपी अभिषेक सिंह के साथ थाना क्षेत्र खालापार के फक्करशाह चौक, मुख्य चौराहों, बाजारों के साथ संवेदनशील स्थानों तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया। वहीं स्थानीय लोगों व धर्मगुरूओं से वार्ता करते हुए बताया कि मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया की सतत निगरानी की जा रही है। ऐसे में सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की भड़काऊ/गलत/अशोभनीय पोस्ट शेयर न करने, किसी भी भ्रामक पोस्ट की पुष्टि पुलिस/प्रशासन से करने, किसी भी कानून विरोधी गतिविधि का हिस्सा न बनने तथा एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने व जनपद में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। सुरक्षा की दृष्टि से जनपद में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। सुरक्षा कारणों से इस दौरान मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा संवेदनशील एवं मिश्रित बस्तियों में ड्रोन कैमरों से निरंतर निगरानी करते हुए हर स्थिति पर पैनी नजरें बनाए रखी। दोपहर बाद जनपद में जुमे की नमाज के निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली।








**इन्होंने कहा-**

**"सहारनपुर मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने लोगों से भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि शांति और सौहार्द सबसे बड़ी चीज है। वहीं हर किसी को अपने-अपने धर्म के अनुसार उपासना करने का अधिकार है। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल के साथ मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।"**

**"उधर, डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि वक्फ संशोधन बिल के बाद यह पहला शुक्रवार था, जिसे लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। उन्होंने बताया कि हम देवबंद से होते हुए यहां मुजफ्फरनगर पहुंचे हैं। मंडल स्तर पर सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। वहीं धर्मगुरुओं से लगातार संवाद किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मस्जिदों में नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि जनपद में स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और किसी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।"**

### अनंत अंबानी की पदयात्रा में नंगे पैर शामिल हुए धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, सामने आ गया

**द्वारका, 04 अप्रैल (एजेंसी)।** देश के सबसे बड़े बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी जामनगर स्थित अपने निवास से गुजरात के द्वारकाधीश मंदिर तक पदयात्रा (पैदल तीर्थयात्रा) पर निकले हुए हैं। लगभग 140 किलोमीटर की यह तीर्थयात्रा 10 अप्रैल को अपने 30वें जन्मदिन से पहले उनके धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा है। बागेश्वर धाम सरकार के नाम से मशहूर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भी अनंत अंबानी की इस पदयात्रा का हिस्सा बने हैं। धीरेंद्र शास्त्री नंगे पैर इस पदयात्रा में अनंत अंबानी के साथ शामिल हुए। इसका वीडियो भी सामने आया है। इससे पहले एक वीडियो में, अनंत अंबानी को हनुमान चालीसा का जाप करते हुए और यात्रा करते हुए देखा गया था। उनके साथ सुरक्षाकर्मियों और भक्तों का एक दल था। अठक से बात करते हुए, उन्होंने अपनी यात्रा के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि 'यह पदयात्रा जामनगर में हमारे घर से द्वारका तक है। यह पिछले पांच दिनों से चल रही है, और हम अगले दो-चार दिनों में पहुंच जाएंगे। भगवान द्वारकाधीश हम पर कृपा करें।' अनंत अंबानी ने इस मौके पर युवा पीढ़ी को प्रेरित भी किया और उनसे आग्रह किया कि वे भगवान द्वारकाधीश में आस्था बनाए रखें। उन्होंने कहा कि 'मैं युवाओं से कहना चाहूंगा कि वे भगवान द्वारकाधीश में आस्था रखें और कोई भी काम करने से पहले भगवान को याद करें। वह काम बिना किसी बाधा के अवश्य पूरा होगा और जब भगवान मौजूद हों तो चिंता करने की कोई बात नहीं है।'

## दूसरों का बच्चों का झगड़ा निपटाना पड़ गया भारी, लाठी-डंडों से मारपीट

**मुजफ्फरनगर, 04 अप्रैल (बु.)।** कभी कभी दूसरों का झगड़ा निपटाना खुद को भारी पड़ जाता है। ऐसा ही एक प्रकरण शाहपुर के गांव पुरबालियान में जब हुआ तक यहीं का निवासी कामिल अपने ट्रैक्टर से कहीं जा रहा था और उसने रास्ते में कुछ बच्चे आपस में झगड़ते देखे। इंसानियत का परिचय देते हुए कामिल ने बीच बचाव कराने की कोशिश की लेकिन मामला उल्टा पड़ गया। जैसे ही कामिल लड़ झगड़ रहे बच्चों को समझाने लगा तो पीछे से आए कई युवक आक्रोशित हो गए और उन्होंने बिना सोचे समझे कामिल पर लाठी-डंडों व रॉड से हमला कर दिया। हमले में कामिल के सिर पर गंभीर चोटें आई और वह वहीं लहूलुहान होकर गिर पड़ा। बाद में स्थानीय लोगों ने ही बामुश्किल कामिल की हालत को देखते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया जहां समाचार लिखे जाने तक उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी। कामिल के परिजन आबिद ने बताया कि बच्चों के झगड़े में कामिल के सिर पर ट्रैक्टर की रॉड से हमला किया गया है और परिजनों ने पुलिस को इसकी शिकायत दे दी है। परिजनों द्वारा पुलिस से मारपीट करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।



### प्रेमानंद महाराज की सेहत फिर बिगड़ी, रात्रि पदयात्रा पर नहीं निकले

**लखनऊ, 04 अप्रैल (एजेंसी)।** देश विदेश में मशहूर राधा रानी के परम भक्त वृन्दावन सन्त प्रेमानन्द महाराज की गुरूवार को एकाएक तबीयत बिगड़ गयी। इसी कारण वे देर रात 2 बजे की पद यात्रा पर नहीं निकले। सेवादारों ने सन्त प्रेमानन्द जी की सेहत खराब होने की जानकारी उनके भक्तों को दी तो भक्तों ने राधा रानी से प्रार्थना की कि वे जल्द ही स्वस्थ हों जाएं हालांकि दूर दूर से आए भक्तों को उनके दर्शन से वंचित रहना पड़ा, जिस कारण उनका मन दुखी हुआ, मगर भक्तों ने कहा कि कोई बात नहीं, पहले उनका स्वास्थ्य है। वे ठीक होंगे तो हम दोबारा मिलने आ जाएंगे।



## अमेरिका में तूफान ने ले ली 7 लोगों की जान, विनाशकारी बारिश और बाढ़ की चेतावनी जारी; भयावह हैं हालात

**वाशिंगटन, 04 अप्रैल (एजेंसी)।** अमेरिका के दक्षिण और मध्य-पश्चिम के इलाकों में विनाशकारी तूफान ने भयानक तबाही मचाई है। तूफान की वजह से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। तूफान की वजह से कई घरों की छतें उड़ गई हैं, पेड़ उखड़ गए हैं, बिजली के खंभे गिर गए हैं। तूफान की चपेट में आने से सात लोगों की मौत भी हो गई है। हालात को देखते हुए मौसम विभाग और स्थानीय प्रशासन ने लोगों से घरों में ही रहने की अपील की है। ओक्लाहोमा से इंडियाना तक बवंडरों का विनाशकारी रूप देखने को मिला है। टेनेसी के गवर्नर बिल ली ने कहा कि तलाशी अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि हालात भयावह हैं और लोग मुसीबत में हैं। ओहायो से मिसिसिपी तक लगभग 15 लख लोग तूफान की चपेट में हैं, जिनमें नैशविले, टेनेसी और ट्यूपेलो के लोग भी शामिल हैं। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा है कि बिगड़े मौसम की वजह से कई राज्यों में अचानक बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। शनिवार तक मध्य अमेरिका में लगातार भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम सेवा ने कहा कि अगले चार दिनों में एक फीट (30 सेंटीमीटर) से अधिक बारिश की संभावना है। इतनी बारिश के बाद हालात बेहद खराब हो सकते हैं। स्थिति को देखते हुए पूरे क्षेत्र में बचाव टीमें अलर्ट हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि अस्थिर वातावरण, तेज हवाएं, खाड़ी से देश के मध्य भाग में आने वाली नमी और दिन के समय की गर्मी खराब मौसम के लिए जिम्मेदार है। आने वाले दिनों में दक्षिण और मध्य-पश्चिम में भीषण बाढ़ का भी खतरा है, क्योंकि पूर्व की ओर बढ़ रहा भयंकर तूफान खतरनाक होता जा रहा है।

## फिल्मों के जरिए देशभक्ति की अलख जगाने वाले अभिनेता मनोज कुमार नहीं रहे

**मुंबई 04 अप्रैल (वार्ता) फिल्मों के जरिए देशभक्ति की अलख जगाने वाले भारत कुमार के नाम मशहूर अभिनेता**




**मनोज कुमार का शुक्रवार को मुंबई के एक अस्पताल में उम्रजनित व्याधियों के कारण निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे और पिछले कुछ हफ्तों से कोकिलाबेन अंबानी अस्पताल में भर्ती थे , जहां आज सुबह उन्होंने अंतिम सांसे ली। भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता एवं फिल्मकार मनोज कुमार को देशभक्ति की भावना जगाने वाली फिल्मों में उनकी शानदार भूमिकाओं के लिए जाना जाता था। उनकी उल्लेखनीय कृतियों में शहीद (1965) शामिल है जिसमें स्वतंत्रता सेनानी भगत सिह के जीवन को दर्शाया गया था। उपकार (1967), पूरब और पश्चिम (1970), और रोटी कपड़ा और मकान (1974) जैसी उनकी फिल्मों ने हिंदी सिनेमा पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। उनकी थ्रिलर, गुमनाम (1965) उस वर्ष की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी जिसने 2.6 करोड़ रुपये कमाये थे। मनोज कुमार ने 1975 में अपनी फिल्म रोटी कपड़ा और मकान के लिए फिल्मफेयर अवाडर्स में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीता। उन्हें 1992 में पद्म श्री, 1999 में फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और 2015 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।**

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मनोज कुमार के निधन पर शोक जताया

**नयी दिल्ली 04 अप्रैल (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिग्गज फिल्म निर्माता, अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर शोक जताया है। श्री मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच "एक्स" पर अपनी पोस्ट में मनोज कुमार के साथ खिची गई पुरानी तस्वीरों को साझा किया। प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा कि महान अभिनेता और फ़िल्मिकार मनोज कुमार जी के निधन से बहुत दुःख हुआ। वे भारतीय सिनेमा के प्रतीक थे। उन्हें ख़ास तौर पर उनकी देशभक्ति के जोश के लिए याद किया जाता था। देशप्रेम उनकी फ़िल्मों में भी झलकता था। मनोज जी के कामों ने राष्ट्रीय गौरव की भावना को जगाया और वे पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।



### शेष : मां दुर्गा की आठवीं शक्ति..

मां दुर्गा जी की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। इनका वर्ण पूर्णतः गौर है। इस गौरता की उपमा शंख, चन्द्र और कुन्द के फूल से दी गयी मां दुर्गा जी की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। इनका वर्ण पूर्णतः गौर है। इस गौरता की उपमा शंख, चन्द्र और कुन्द के फूल से दी गयी है। इनकी आयु आठ वर्ष की मानी गयी है- 'अष्टवर्षा भवेद् गौरी'। इनके समस्त वस्त्र एवं आभूषण आदि भी श्वेत हैं। इनकी चार भुजाएं हैं। इनका वाहन वृषभ है। इनके ऊपर के दाहिने हाथ में अभय-मुद्रा और नीचे वाले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। ऊपर वाले बायें हाथ में डमरू और नीचे के बाये हाथ में वर-मुद्रा है। इनकी मुद्रा अत्यन्त शान्त है। अपने पार्वती रूप में इन्होंने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए बड़ी कठोर तपस्या की थी। इनकी प्रतिज्ञा थी कि 'व्रियेऽहं वरदं शम्भुं नान्यं देवं महेश्वरात' (नारदपाश्चरात्र)। गोस्वामी तुलसीदास जी के अनुसार भी इन्होंने भगवान शिव के वरण के लिये कठोर संकल्प लिया था-

जन्म कोटि लगि रगर हमारी।
बरऊं संभु न त रहउं कुंआरी।।

इस कठोर तपस्या के कारण इनका शरीर एकदम काला पड़ गया। इनकी तपस्या से प्रसन्न और सन्तुष्ट होकर जब भगवान शिव ने इनके शरीर को गंगाजी के पवित्र जल से मल कर धोया, तब वह विद्युत प्रभा के समान अत्यन्त कान्तिमान गौर हो उठा। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। दुर्गा पूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। उसके पूर्व संचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप-संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं आते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। मां महागौरी का ध्यान-स्मरण, पूजन-आराधन भक्तों के लिये सर्वविध कल्याणकारी है। हमें सदैव इनका ध्यान करना चाहिये। इनकी कृपा से अलौकिक सिद्धियों की प्राप्ति होती है। मन को अनन्यभाव से एकनिष्ठ कर मनुष्य को सदैव इनके ही पादारविन्दों का ध्यान करना चाहिये। ये भक्तों का कष्ट अवश्य ही दूर करती हैं। इनकी उपासना से आर्तजनों के असम्भव कार्य भी सम्भव हो जाते हैं। अतः इनके चरणों की शरण पाने के लिये हमें सर्वविध प्रयत्न करना चाहिये। पुराणों में इनकी महिमा का प्रचुर आख्यान किया गया है। ये मनुष्य की वृत्तियों को सत की ओर प्रेरित करके असत्य का विनाश करती हैं। हमें प्रपत्ति भाव से सदैव इनका शरणागत बनना चाहिये।